अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 9314505000 लॉग ऑन करें: www.chamaktarajasthan.com

RNI No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

Email- chamaktarajasthan8789@gmail.com

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

जयपुर, बुधवार, 13 सितंबर 2023 | वर्ष : 14 | अंक : 30 | पृष्ठ : 8 | दैनिक प्रात: कालीन | मूल्य : 1 रूपया




## चुनाव में अब ज्यादा खर्च कर सकेंगे उम्मीदवार

### खर्च लिमिट 43 फीसदी बढ़ाई; कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर जाने से पहले डालना होगा अपना वोट

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनावों में इस बार उम्मीदवार चुनाव-प्रचार और चाय-नाश्ते पर पहले से ज्यादा पैसा खर्च कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने इस बार उम्मीदवारों के लिए चुनाव खर्च की सीमा को 43 फीसदी तक बढ़ाकर 40 लाख रुपए अधिकतम कर दिया है। यानी इस बार एक उम्मीदवार पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार 12 लाख रुपए ज्यादा खर्च कर सकेगा।इसके साथ ही चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों की वोटिंग प्रक्रिया में भी थोड़ा बदलाव किया है। पोलिंग पार्टियों को अपना वोट अब फैसिलिटेशन सेंटर पर ही डाल सकेंगे। यानी उन्हें डाक के जरिए मतपत्र भेजने का जो विकल्प दिया जाता था वह इस बार बंद कर दिया।

**28 लाख रुपए थी पिछले चुनाव में खर्च की सीमा**-साल 2018 में हुए विधानसभा चुनावों में एक उम्मीदवार को चुनाव प्रचार-प्रसार और कार्यकर्ताओं के चाय-नाश्ते के लिए 28 लाख रुपए तक खर्च करने की लिमिट निर्धारित थी। इस बार ये खर्च की सीमा 12 लाख रुपए बढ़ाकर अधिकतम 40 लाख रुपए कर दी है। बढ़ती महंगाई और राजनीतिक पार्टियों की मांग के बाद चुनाव आयोग ने ये फैसला किया है।

**डाक के जरिए मतपत्र भेजना का विकल्प किया बंद**-चुनाव आयोग ने इस बार पोलिंग पार्टियों (जिन राज्य कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगती है) उनके वोटिंग सिस्टम में बदलाव किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि नए संशोधन के अनुसार विधानसभा चुनाव में ड्यूटी पर तैनात रहने वाले 4 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को अपना वोट अब फैसिलिटेशन सेंटर पर करना होगा। इससे पहले तक इन कर्मचारियों को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) सुविधा भी दी जाती थी। डाक मतपत्र के दुरुपयोग की आशंकाओं को देखते हुए ये बड़ा कदम उठाया हैं। अब चुनाव में ड्यूटी करने वाले वोटर्स को अपनी ड्यूटी पर जाने से पहले तय जगहों पर बैलेट पेपर पर वोट डालकर जाना होगा।

**अब दो दिन पहले नहीं रवाना होगी पोलिंग पार्टियां**-इस बार विधानसभा चुनाव में किसी भी विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग पार्टियों को दो दिन पहले रवाना नहीं किया जाएगा। साल 2018 में 23 विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ ऐसे थे जिनको दो दिन पहले रवाना किया था। दूर-दराज के एरिया में होने के कारण पोलिंग पार्टियों को पहले रवाना किया जाता था। लेकिन इस बार सभी विधानसभाओं में एक दिन पहले ही पोलिंग पार्टियां रवाना होगी।

## आज से प्रदेशभर के पेट्रोल पंप रहेंगे बंद


### संचालक बोले- वैट कम करें सरकार, 15 सितंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान में पेट्रोल और डीजल पर बढ़े हुए वैट के खिलाफ अब पेट्रोल पंप संचालकों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेशभर में कल और परसों (13 और 14 सितंबर) को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक 7 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप बंद रहेंगे। इसके बाद भी अगर सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम नहीं किया तो पेट्रोल पंप संचालक 15 सितंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह भाटी ने कहा- राजस्थान सरकार देश में सबसे ज्यादा वेट वसूल रही है। इसका नुकसान पेट्रोल पंप संचालकों के साथ आम जनता को भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा- पिछले लंबे वक्त से हम शांतिप्रिय तरीके से वेट कम करने की मांग कर रहे हैं। 13 सितंबर से पंप बंद करने की जानकारी भी हमने शासन और प्रशासन तक काफी पहले ही पहुंचा दी थी, लेकिन इसके बाद भी सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। मजबूरन अब हमें आंदोलन की राह पर आगे बढ़ना पड़ा है।

# शिक्षा नगरी कोटा को मिली खूबसूरत चम्बल रिवर फ्रंट की सौगात

- -मंत्री धारीवाल की परिकल्पना हुई साकार,खुलेंगे पर्यटन के द्वार
- -1442 करोड़ रुपए के विकास कार्यों से चमका कोटा
- - देश-दुनिया में मॉडल बनेगा बेजोड़ चंबल हैरिटेज रिवरफ्रंट
- - रिवरफ्रन्ट के दोनों तटों पर 27 घाटों का निर्माण







**चमकता राजस्थान**
**कोटा।**

भारत के प्रथम हैरिटेज चम्बल रिवर फ्रंट का समारोहपूर्वक उद्घाटन मंगलवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी ने किया। उन्होंने नयापुरा बावड़ी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण, राजस्थानी संगीत की धुनों, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के बीच लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर कोटावासियों को सौगात दी। समारोह में कोटा शहर के विधायक और प्रदेश के स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, शिक्षा मंत्री डॉ.बीड़ी कल्ला, चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा सहित मंत्रिपरिषद के सदस्य, विभिन्न बोर्ड निगमों के अध्यक्ष, विधायकगण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डॉ.जोशी ने राज्य सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ फव्वारा घाट एवं कनक महल का भ्रमण, फाउंटेन शो, वृन्दावन गार्डन दशावतार भ्रमण किया। हाड़ौती घाट पर पन्नाधाय और हाड़ी रानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां 84 खम्बों की छतरी भी देखी। विश्वमैत्री घाट पर अतिथियों ने विश्व के प्रमुख देशों के स्मारकों के सामने राष्टीय ध्वजों के साथ भारतीय तिरंगे का ध्वजारोहण किया। विश्व के सभी देशों के महापुरूषों के मुखौटों के साथ तैयार किए गए ग्लोब के सामने सामूहिक फोटोशूट भी हुआ। विश्वमैत्री घाट पर वसुधैव कुटुम्बकम्ब का संदेश दिया गया है, यहां सेना के बैगपाइपर बैंड द्वारा राष्टीय धुन का बैंडवादन किया गया।

**-इन घाटों पर गए अतिथि-**

चम्बल माता घाट - वृंदावन गार्डन की तर्ज पर चम्बल माता घाट मय गार्डन विकसित किया गया है जिसमें खूबसूरत म्यूजिकल फाउण्टेन का निर्माण किया गया है। घाट पर 42 मीटर ऊंची वियतनाम मार्बल से निर्मित चम्बल माता की मूर्ति सुशोभित है। यहां मुकुट महल भी जिसमें रिवर फ्रंट का विशाल मॉडल, संग्रहालय एवं व्यू पॉईंटस का निर्माण किया गया है।

गणेश पोल- इसमें दो विशालकाय महराबों पर गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है। फसाड़ को आगरा फोर्ट की तर्ज पर विकसित किया गया है, इसमें वीआईपी लाउंज बनाया गया है।

मरू घाट - इस घाट पर गन मेटल की छः ऊंटों की विशाल प्रतिमाओं को लगाया गया है। घाट व फसाड़ वॉल के बीच वीआईपी टेन्ट सिटी विकसित की गई है।

जंतर-मंतर घाट - इस घाट पर जोडिएक टॉवर का निर्माण किया गया है, जिसमें 12 राशि चक्रों सहित सूर्य यंत्र एवं राशि यंत्र का निर्माण किया गया है। फसाड़ पर विश्व प्रसिद्ध जयपुर की ब्ल्यू पॉट्री वर्क एवं ठीकरी कार्य किया गया है।

विश्व मैत्री घाट - इस घाट पर विशाल बैंक्वेट हॉल का निर्माण किया गया है, इसमें 10 मीटर व्यास के ग्लोब में सम्पूर्ण विश्व समाहित है। इसमें जी-20 देशों के झंडे स्थापित हैं। इस घाट की थीम वन वर्ल्ड वन ड्रीम पर आधारित है। इसके फसाड़ में 9 विश्व प्रसिद्ध इमारतों की प्रतिकृति बनाई गई हैं, वहां पर सम्बन्धित देशों के व्यजंनों का लुत्फ लिया जा सकेगा।

हाड़ौती घाट- फसाड़ में हाड़ौती की समृद्ध वास्तुशिल्प समाहित है, जिसमें बूंदी के तारागढ़ फोर्ट के मुख्य द्वार गणेश पोल, हाड़ी रानी एवं मॉ पन्नाधाय की गन मेटल की आदमकद मूर्तियां लगाई गई है, इसके अलावा 84 खम्बों की छतरी का निर्माण किया गया है।

महात्मा गांधी सेतु- रामपुरा श्मशान पर पर्यटकों के आवागमन हेतु महात्मा गांधी सेतु का निर्माण किया गया है।

कनक महल- इसमें 6 टावर्स बनाए गए हैं जिस पर बने डोम पर सुनहरी टाईल लगाई गई हैं। इसमें वाटर पार्क व रेस्टोरेंट भी हैं।

फव्वारा घाट- इसमें खूबसूरत लगून मय सीढ़ियों के निर्माण किया गया है। इसमें विश्व स्तरीय लिनियर फाउन्टेन शो खास आकर्षण है। फसाड़ में व्यावसायिक दुकाने एवं फूड कोर्ट हैं।

रंगमंच घाट-इसमें एम्फीथियेटर मय ग्रीनरूम निर्मित है एवं घाटों को पियानो की-बोर्ड के रूप में बनाया गया है।

साहित्य घाट- साहित्य घाट में बांसवाड़ा मार्बल से खूबसूरत विशाल खुली किताब एवं पुस्तक महल का निर्माण किया गया है। फसाड़ में भूतल पर लाईब्रेरी एवं प्रथम तल पर कैफेटेरिया है।

उत्सव घाट- इसमें बैंकेट हॉल, खूबसूरत छतरियाँ, केसकेड एवं स्टार फाउन्टेन का निर्माण किया गया है।

सिंह घाट- इसमें बांसवाड़ा मार्बल से 9 सिंह बनाए गए हैं जिनका वजन लगभग 35 टन एवं आकार 15 फीट ऊंचा 11 फीट लम्बा एवं 6 फीट चौड़ा है। इसके मध्य रानी महल बनाया गया है, जिसमें फूड कोर्ट को विकसित किया गया है। फसाड़ में व्यावसायिक दुकानें बनाई गई हैं।

नयापुरा गार्डन- रिवरफ्रंट के प्रवेश द्वार नयापुरा गार्डन में खूबसूरत बावड़ी एवं उद्यान का निर्माण किया गया है। पार्किग स्थल भी विकसित किया गया है।

**-लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां-**

उद्घाटन समारोह में प्रत्येक घाट पर प्रदेश की लोक कला को साकार करते हुए लोक कलाकारों ने भव्य प्रस्तुतियां दी। परम्परागत लोक वाद्य एवं नृत्य शैली में अतिथियों का स्वागत किया।

**-सबसे बड़ा नन्दी और बुलंद से ऊंचा दरवाजा-**

चम्बल रिवर फ्रंट पर विकास के साथ पर्यटन, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण के साथ नदी के सौंदर्यकरण कार्य किए गए हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा नन्दी भी बना है। बुलंद दरवाजे से ऊंचा दरवाजा है। राजपूताना घाट पर राजस्थान के 9 क्षेत्रों (शेखावटी, ढूंढाड़, मारवाड़, वागड़, मेवाड़, अहीरवाल, मेवात, गोरवाड़ व हाड़ौती) की वास्तुकला व संस्कृति दर्शनीय है। मुकुट महल में 80 फीट ऊंची छत तथा सिलिकॉन वैली भी है। साहित्यिक घाट पर पुस्तक, प्रसिद्ध लेखकों की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई है।

**-बढ़ेगा पर्यटन, बस्तियां बाढ़ मुक्त-**

कोटा में कोटा बैराज से नयापुरा पुलिया तक 2.75 किमी की लम्बाई में चम्बल नदी के दोनों तटों पर 1442 करोड़ रुपए की लागत से चम्बल रिवर फ्रन्ट विकसित किया गया है। इसके बनने से चम्बल नदी के किनारे बसी सभी बस्तियां बाढ़ से मुक्त हो चुकी है। *गंदे नाले डाइवर्ट करके सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में जोड़ने से चंबल नदी भी साफ-साफ और सुंदर होकर मुस्कुराती प्रतीत हो रही है*।

**बने विश्व रिकॉर्ड**

रिवर फ्रंट पर मंगलवार को तीन विश्व रिकॉर्ड भी बने। इनमें घंटी घाट पर विश्व की सबसे बड़ी घंटी बनाई गई है। इसकी आवाज 8 कि.मी दूर तक सुनी जा सकती है। जवाहर घाट पर पंडित जवाहर लाल नेहरू के फेस मास्क (सबसे बड़ा गन मेटल का मुखौटा), नन्दी घाट पर नटराज की मूर्ति और 225 फीट ऊंची चम्बल माता की संगमरमर मूर्ति का अनावरण कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया गया।

**ये रहे अतिथि** उद्घाटन समारोह में मेजबान स्वायत्त शासन मंत्री शांति कुमार धारीवाल के साथ शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव, सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, सामाजिक न्याय मंत्री टीकाराम जूली, उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जाहिदा खान, श्रम राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई, जनजाति विकास राज्यमंत्री अर्जुन सिंह बामनिया सहित विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत, महापौर राजीव अग्रवाल, मंजू मेहरा, उपमहापौर सोनू कुरैशी,बीसूका जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, राकेश सोरल, गोविंद शर्मा,राजेंद्र सांखला, जफर मोहम्मद सहित प्रदेश के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, प्रशासन और पुलिस के राज्य, संभाग और जिला स्तर के अधिकारीगण, मेजबान नगर विकास

## जयपुर के पूर्व राजपरिवार की पद्मिनी देवी हॉस्पिटल में भर्ती

### बाथरूम में गिरने से कंधे में हुआ फैक्चर; 14 सितंबर को होगी सर्जरी

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजसमंद सांसद दीया कुमारी की मां और जयपुर के पूर्व राजपरिवार की सदस्य पद्मिनी देवी को मंगलवार शाम जवाहर सर्किल स्थित ईएचसीसी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। वे शाम को सिटी पैलेस में अपने निवास पर बाथरूम में गिर गई थीं। इससे उनके कंधे पर चोट लगी है। चोट लगने के बाद परिजन उन्हें हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उनका इलाज सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन और जनरल मेडिसिन के डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है।ईएचसीसी के सीनियर ऑर्थोपेडिक डॉ. राजीव भार्गव ने बताया- उनके कंधे में चोट लगी है। एक्स-रे करवाने पर उसमें फ्रैक्चर डिटेक्ट हुआ है। डॉक्टर ने बताया- अभी कुछ और जांच करवाई जा रही हैं। उनकी रिपोर्ट्स आने के बाद आगे का ट्रीटमेंट शुरू किया जाएगा। डॉ. राजीव ने बताया- पद्मिनी देवी के ह्यूमरस बोन (कोहनी के ऊपर कंधे तक जाने वाली हड्डी) में कंधे के पास फ्रैक्चर हुआ है। इसकी गुरुवार को सर्जरी प्लान की गई है। उनकी सभी आवश्यक जांच की गई है। जो बिल्कुल ठीक है।

## TMC सांसद नुसरत जहां से ED की 6 घंटे पूछताछ

### सीनियर सिटीजन्स से फ्लैट बिक्री में धोखाधड़ी का मामला; BJP बोली- आरोप सच हुआ तो सजा होगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** टीएमसी सांसद और बंगाल की चर्चित एक्ट्रेस नुसरत जहां मंगलवार को सीनियर सिटीजन्स से फ्लैट बिक्री में करोड़ों रुपए के फ्रॉड मामले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुईं। उनसे 6 घंटे तक पूछताछ की गई।न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, रियल स्टेट कंपनी सेवेन सेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने कोलकाता के न्यू टाउन में फ्लैट देने के नाम पर 400 लोगों से साढ़े 5-5 लाख रुपए लिए थे। हालांकि, लोगों को ना तो उनका फ्लैट मिला और ना पैसे वापस मिले।सीनियर सिटीजन्स के एक ग्रुप ने इस मामले में कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। 2017 में नुसरत इस कंपनी की डायरेक्टर थीं। कंपनी में TMC सांसद की भूमिका को लेकर ED उनसे सवाल-जवाब कर रही है। पूछताछ की पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड होगी। नुसरत जहां का बयान भी दर्ज किया जाएगा।इधर, भाजपा ने कहा है कि अगर नुसरत के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप सच साबित हुए तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा की स्टेट सेक्रेटरी अग्निमित्रा पॉल ने मंगलवार को कहा- ये मोदी सरकार है। कोई चीफ मिनिस्टर हो या कोई एक्टर-एक्ट्रेस। अगर आपने गलत किया है, पब्लिक को ठगा है, तो आपको छोड़ा नहीं जाएगा। अग्निमित्रा पॉल ने कहा- नुसरत जहां को रिटायर्ड लोगों ने फ्लैट के लिए करोड़ों रुपए दे दिए। उनके हाथ में अपने जीवन भर की कमाई रख दी। लेकिन उन्हें ना तो फ्लैट मिला, पैसा भी चला गया।

## लीबिया में तूफान-बाढ़ से 3 हजार की मौत

### 10 हजार लोग लापता, इनमें 123 सैनिक; हालात इतने खराब कि मदद पहुंचाना भी मुश्किल



**काहिरा (एजेंसी)।** लीबिया में 9 सितंबर को आए डेनियल तूफान और इसके बाद बाढ़ से अब तक 3 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 7 से 10 हजार लोग लापता हैं। सिर्फ 700 शव ऐसे हैं, जिनकी शिनाख्त हो सकी है।रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे 123 सैनिक भी लापता हैं। 12 फौजियों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि देश में मौजूद चुनिंदा एयरपोर्ट्स इस लायक नहीं बचे हैं कि वहां कोई हैवी या कार्गो एयरक्राफ्ट लैंड कर सके। यही वजह है कि यहां मदद पहुंचाना भी मुश्किल है।

**पूर्वी हिस्से में हालात बेकाबू**-'द गार्डियन' और 'अल अरब मॉनिटर' की रिपोर्ट्स के मुताबिक लीबिया के पूर्वी हिस्से में हालात अब तक बेकाबू हैं और यही वजह है कि मरने वालों का आंकड़ा महज 24 घंटे में 700 से 3000 हो गया। लापता लोगों की तादाद भी सोमवार से मंगलवार के दरमियान 200 से सीधा 10 हजार पर पहुंच गई।यहां पोर्ट सिटी डेर्ना भी है। इसमें दो डैम थे और दोनों ही फूट चुके हैं। इसकी वजह से करीब-करीब पूरा शहर बाढ़ में घिर गया है। अकेले इसी शहर में 700 लोगों की मौत हुई है। हालात इतने खराब हैं कि शवों को दफनाने तक की जगह नहीं बची है।हेल्थ मिनिस्टर अब्दुल जलील ने कहा कि मरने वालों का आंकड़ा 3 हजार से ज्यादा हो चुका है। उनके मुताबिक अभी हम मौत का आंकड़ा 3 हजार मान रहे हैं। लेकिन जैसे हालात हैं उससे लगता है कि यह नंबर 10 हजार तक भी जा सकता है। इसके अलावा एक लाख से ज्यादा लोग लापता हो सकते हैं। अभी पुख्ता तौर पर कुछ भी कहना मुश्किल है।

**कई जगह पहुंचना नामुमकिन**-हेल्थ मिनिस्टर ने कहा- डेर्ना इलाके में हालात इतने खराब हैं कि कई जगहों पर तो पहुंचा भी नहीं जा सकता। यही वजह है कि हम सिर्फ अनुमान लगा सकते हैं कि जमीनी हालात क्या होंगे। कई इलाकों में पानी में लाशें तैरती नजर आ रही हैं। कई घरों में शव सड़ चुके हैं और इनकी वजह से बीमारियां फैलने का खतरा है। मुझे लगता है कि डेर्ना शहर का 25त्न हिस्सा खत्म हो चुका है।जलील ने आगे कहा- आखिरी आंकड़ा आएगा तो शायद दुनिया हैरान रह जाए। इतने खराब हालात सिर्फ 1959 में हुए थे। दुनिया के कई देशों ने मदद की पेशकश की है, लेकिन अभी वो मदद कैसे कर पाएंगे, ये भी देखना होगा। न एयरपोर्ट सलामत हैं और न सड़कें बची हैं। **2011 से देश में दो सरकारें**-2011 में तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी मारे गए थे। इसके बाद से लीबिया एक तरह से दो हिस्सों में बंट चुका है। यहां अलग-अलग हिस्सों में दो सरकारें या दो प्रशासन काम कर रहे हैं। एक ग्रुप गद्दाफी के समर्थकों का है तो दूसरा कबीलाई। त्रिपोली और तोर्बुक इलाके में प्राइवेट मिलिशिया या कबीलों का शासन है और यहां ही सबसे ज्यादा लोग मारे गए हैं।

# देश में 763 सांसद, 306 पर क्रिमिनल केस

## कुल 194 और बिहार के 50% एमपी के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ष्ठक्र) ने सांसदों पर दर्ज क्रिमिनल केस को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि देश के कुल 763 सांसदों में से 306 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 194 सांसदों के खिलाफ हत्या और महिलाओं से अत्याचार के गंभीर केस हैं।ADR ने यह रिपोर्ट लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों की तरफ से दायर हलफनामे के हवाले से जारी की है।

**बिहार के सबसे ज्यादा 41 सांसदों के खिलाफ केस दर्ज**-रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि लक्षद्वीप से एक सांसद, केरल के 29 सांसदों में से 23, बिहार के 56 सांसदों में से 41, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 37, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 13 और दिल्ली के 10 सांसदों में से 5 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

**UP के सबसे ज्यादा 37 सांसदों के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज**-ADR ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लक्षद्वीप से एक, बिहार के 56 सांसदों में से 28, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 9, केरल के 29 सांसदों में से 10, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 22 और यूपी के 108 सांसदों में से 37 के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं।




**राज्यसभा के 12% सांसद अरबपति**-राज्यसभा के 225 सदस्यों में 27 यानी (12%) अरबपति हैं। अरबपति सांसदों में सबसे ज्यादा संख्या भाजपा के सदस्यों की है। 225 में BJP के 85 सदस्य हैं, जिनमें 6 यानी 7% सांसद अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 सदस्यों में 4 यानी 13% अरबपति हैं।

YSR कांग्रेस के 9 में से 4 (44%), आम आदमी पार्टी के 10 में 3 (30%) और BRS के 7 में 3 (43%) सांसद अरबपति हैं। अगर राज्यों की बात करें तो सबसे ज्यादा अरबपति सांसद आंध्र प्रदेश 45% और तेलंगाना 43% से हैं।

**राज्यसभा सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 80.93 करोड़**-राज्यसभा के मौजूदा सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 80.93 करोड़ रुपए है। BJP के औसतन सांसदों की प्रॉपर्टी 30.34 करोड़ है। कांग्रेस के 30 सांसदों की औसतन प्रॉपर्टी 51.65 करोड़, तृणमूल कांग्रेस के 13 सदस्यों की औसतन प्रॉपर्टी 3.55 करोड़, YSR कांग्रेस के 9 सांसदों की प्रॉपर्टी 395.68 करोड़, भारत राष्ट्र समिति (BRS) के 7 सांसदों की प्रॉपर्टी 799.46 करोड़ रुपए है।

**देश के 4001 विधायकों की संपत्ति 54,000 करोड़**-देश के 4,001 मौजूदा विधायकों की कुल संपत्ति 54,545 करोड़ रुपए है। यह नॉर्थ ईस्ट के तीन राज्यों- नगालैंड, मिजोरम और सिक्किम के 2023-24 के कुल सालाना बजट 49,103 करोड़ रुपए से ज्यादा है।ADR की रिपोर्ट में 84 राजनीतिक दलों के 4001 मौजूदा विधायकों और निर्दलीय विधायकों को शामिल किया गया है। इसके मुताबिक, विधायकों की औसत संपत्ति 13.63 करोड़ रुपए है। भाजपा के 1356 विधायकों की औसत संपत्ति 11.97 करोड़ रुपए है। वहीं, कांग्रेस के 719 विधायकों की औसत संपत्ति 21.97 करोड़

## चिंतन

# खुदरा महंगाई को लक्षित दायरे में रखना जरूरी

अभी जब नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से घोषणा पत्र का ऐलान किया गया तो इसमें खाद्य आपूर्ति सिस्टम में सुधार लाने पर जोर दिया गया। सम्मेलन के दौरान नेताओं ने लगातार बढ़ रही महंगाई पर चिंता भी जताई और इसे काबू में रखने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। विश्व के दूसरे देशों के समान भारत भी लंबे समय से उच्च महंगाई दर से जूझ रहा है। यहां महंगाई की आंखमिचौली चलती रहती है। अगस्त में खुदरा महंगाई दर में जुलाई की अपेक्षा राहत देखने को मिली है, लेकिन ये आंकड़े भी रिजर्व बैंक के लक्षित दायरे से अधिक ही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अगस्त में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सब्जियों तथा अन्य खाद्य सामग्री के दाम घटने से घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई है। जुलाई में यह दर 7.44 प्रतिशत थी, जबकि अगस्त, 2022 में यह सात प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 9.94 प्रतिशत रही, जो जुलाई में 11.51 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई दर को 4 से 6 फीसदी के बीच नियंत्रित रखने का लक्ष्य रखा है। लेकिन अगर इसी साल जनवरी से अगस्त तक देखें तो अप्रैल, मई व जून माह को छोड़ कर कभी रिटेल महंगाई नियंत्रित नहीं रही, खाद्य महंगाई हमेशा ज्यादा रही। खुदरा महंगाई दर जनवरी में 6.52 फीसदी, फरवरी में 6.44 फीसदी, मार्च में 5.66 फीसदी, अप्रैल में 4.70 फीसदी, मई में 4.25 फीसदी, जून में 4.81 फीसदी, जुलाई में 7.44 फीसदी व अब अगस्त में 6.83 फीसदी रही। बाजार में लिक्विडिटी बनाए रखने और कंज्यूमर सेक्टर में जोश बनाए रखने के लिए जरूरी है कि महंगाई दर चार फीसदी के आसपास रहे। महंगाई दर बढ़ने पर इसे नियंत्रित करने के लिए रिजर्व बैंक मौद्रिक उपाय करता है, जिसमें वह नीतिगत दरे रेपो रेट व रिवर्स रेपो रेट बढ़ा देता है। इससे महंगाई पर खास असर तो नहीं पड़ता है, लेकिन बाजार से मौद्रिक लक्विडिटी कम हो जाती है और कर्ज महंगा हो जाता है, यह ग्रोथे को प्रभावित करता है। बढ़ी हुई महंगाई मध्यवर्ग के बचत पर सीधे डाका डालती है। ऐसे में महंगाई को लक्षित दायरे में रखना जरूरी है। इसके लिए मौद्रिक उपाय नाकाफी हैं। सरकार के स्तर पर आपूर्ति तंत्र को दुरुस्त करने, पेट्रो उत्पादों के दाम को कंट्रोल में रखने, टैक्स विसंगतियों को दूर करने, जमाखोरी व कार्टेल पर एक्शन लेने जैसे कदम प्रभावी होंगे। जी-20 देश अगर आपूर्ति तंत्र में सुधार करे, खाद्य आपूर्ति की बाधाओं को दूर करे, खाद्य पदार्थों के उत्पादन को बढ़ावा दे, तो वैश्विक स्तर पर महंगाई नियंत्रित हो सकती है। सरकारें चाहे तो आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर अपर कैप लगा सकती हैं। उत्पादन लागत और उपभोक्ताओं के लिए तय कीमत के बीच रेगुलेटरी नियंत्रण आवश्यक है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों को बाजार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, पहले 5.1 फीसदी का अनुमान लगाया था। अभी शहर से अधिक महंगाई गांवों में है, जो ग्रोथ को प्रभावित कर रही है। जुलाई में हुई मौद्रिक नीति बैठक में कहा गया था कि महंगाई को लेकर चिंता और अनिश्चितता अभी भी बरकरार है।

# अमृतकाल में विषवमन



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारत अपनी आजादी का अमृतकाल मना रहा है लेकिन हमारे राजनेता और विभिन्न धर्मों से जुड़े धर्मगुरु, मौलाना - मौलवी और पादरी अपनी जुबान से धार्मिक और जातिगत मुद्दों पर जहर भरे तीर छोड़ रहे हैं जिससे असहिष्णुता बढ़ रही है। देश में बढ़ती असहिष्णुता के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल अप्रैल में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से नफरती भाषण यानि 'हेट स्पीच' देने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने और तुरंत एफआईआर का निर्देश दिया था। सरकारों द्वारा सुप्रीम अदालत के इन नसीहतों की लगातार नाफरमानी हो रही है आखिरकार हमाम में सभी निर्वस्त्र हैं।हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना मच्छर, मलेरिया, डेंगू और कोरोना महामारी से करते हुए इसे खत्म करने संबंधी बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है।

डीएमके नेताओं की बदजुबानी यहीं तक नहीं रूकी बल्कि स्टालिन के ही पार्टी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए.राजा ने सनातन धर्म को कुष्ठ और एड्स बता दिया। गौरतलब है कि डीएमके विपक्षी दलों के उस "इंडिया" गठबंधन का महत्वपूर्ण घटक है जो 2024 के आमचुनाव में नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अगुवाई वाले "एनडीए" को सत्ता से बेदखल करने के लिए जुटी है। बहरहाल डीएमके नेताओं द्वारा सनातन धर्म के बारे दिए गए बयानों से कांग्रेस सहित अन्य दलों के लिए स्थिति असहज हो गई है। एक तरफ इस गठबंधन के प्रमुख नेता राहुल गांधी जहां देश-दुनिया नापकर 'मोहब्बत की दुकान' खोल रहे हैं वहीं उनके सहयोगी नफरत का समान बांट रहे हैं। निश्चित तौर पर ऐसे नफरती बयानों से इंडिया गठबंधन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मेहनत पर पानी फिर सकता है।

बहरहाल सनातन धर्म पर डीएमके नेताओं के बयानों ने हिंदुत्ववादी पहचान वाली भाजपा को बैठे बिठाए 'धार्मिक ध्रुवीकरण' का सियासी हथियार दे दिया अब भाजपा नेता इन बयानों को लेकर कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर हमलावर है। हालांकि गठबंधन के नेताओं ने स्टालिन के बयान से पहले ही किनारा कर लिया था वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राजनीति और धर्म दोनों अलग-अलग चीज हैं इसे मिलाने की जरूरत नहीं है। अलबत्ता भले ही हमारे राजनेता धर्म और राजनीति को अलग-अलग रखने की नसीहत दें लेकिन यह भी सच है कि अमूमन सभी चुनावों में राजनीतिक दल मतदाताओं को धर्म और जाति की चाशनी में लिपटी हुई रेसिपी ही परोस रहे हैं। सियासी दलों के ऐनकेन प्रकारेण सत्ता हासिल करने की रणनीति के चलते देश में इन दिनों धर्म और जाति की राजनीति हावी है फलस्वरूप आम आदमी से जुड़े अशिक्षा, बीमारी ,महंगाई, बेरोजगारी, और गरीबी जैसे बुनियादी मुद्दे हाशिए पर हैं। हमारे राजनेता और धर्मगुरु सिर्फ धर्म और मजहब के नाम पर ही बदजुबान नहीं हैं बल्कि वे परस्पर विरोधी नेताओं के बारे में भी ओछी टिप्पणियां कर रहे हैं जिसे सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है।



दरअसल समाज में असहनशीलता और असहमति को नकारने की प्रवृत्ति इतनी बढ़ रही है कि हर धर्म अपने मूल से ही भटकने लगा है जबकि सभी धर्मों का मूल विश्वशांति और मानव कल्याण है। दुनिया में जितने भी धर्म हैं उसके परंपराओं और पूजा पद्धति में विज्ञान और मनोविज्ञान नीहित है लिहाजा उदयनिधि स्टालिन और ए. राजा जैसे राजनेताओं को किसी भी धर्म के प्रति पूर्वाग्रह त्याग कर उसमें निहित संदेश को पढ़ने और समझने की दरकार है। अलबत्ता राजनेताओं द्वारा चुनावी अभियान से लेकर संसद,सदन और सड़कों पर जिस तरह से अपने विरोधियों पर ओछी टिप्पणियां की जा रही है उससे यही प्रतीत होता है कि भले ही देश को स्वतंत्र हुए पचहत्तर बरस हो गए हैं लेकिन इस बूढ़े लोकतंत्र में सियासत अभी भी परिपक्व नहीं हुआ है।

देश में जारी धार्मिक कट्टरवाद और नफरत को सोशल मीडिया खूब हवा दे रहे हैं।अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस मीडिया में कुछ भी लिखा, बोला या दिखाया जा रहा है। सोशल मीडिया आज आम जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है जिससे सभी उम्र और लिंग के लोग जुड़े हुए हैं विडंबना है कि यूजर्स किसी खबर की परिस्थिति या सत्यता परखे बिना इसे आगे बढ़ा रहे हैं जो समाज में अनेक विसंगतियां पैदा कर रहा हैं। सोशल मीडिया की इसी ताकत और फैलाव के चलते राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों के लिए यह माध्यम अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम बना हुआ है। चिंताजनक यह कि सोशल मीडिया पर नियंत्रण और नियमन के लिए प्रभावी कानून के अभाव के चलते यह कानून और व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। देश में घटित अनेक धार्मिक और जातिवादी हिंसा के लिए सोशल मीडिया ही जिम्मेदार रहा है फलस्वरूप हिंसा प्रभावित राज्यों या इलाकों में इंटरनेट को बैन भी किया गया था।

दुर्भाग्यजनक यह भी कि कट्टरपंथी धार्मिक संगठन इस मीडिया के जरिए युवाओं को अपने नफरती मुहिम में शामिल कर रहे हैं। अहम सवाल यह कि जिन युवाओं पर भारत का भविष्य निर्भर हैं आखिरकार वे सरकार से शिक्षा और रोजगार के लिए सवाल पूछने की जगह धार्मिक झंडा थामे खुद मंदिर - मस्जिद और मजहब के सवाल में उलझे हुए हैं? धार्मिक नफरत और अविश्वास का परिणाम है कि अल्पसंख्यकों द्वारा अनेक हिस्सों में रामनवमी, हनुमान जयंती के जूलूस या सावन कांवड़ यात्रा में पथराव और हिंसा तथा बहुसंख्यकों द्वारा मस्जिदों पर भगवा लहराने की घटनाएं प्रकाश में आई। हालांकि उपरोक्त सभी घटनाएं निंदनीय और अस्वीकार्य है। इन घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में सवाल यह भी कि जिन किशोरों और युवाओं के हाथों में किताब या डिग्रियां और रोजगार होना चाहिए आखिरकार उनके हाथ में पत्थर, तलवार, त्रिशूल और बंदूक क्यों है? बिलाशक इसके लिए खुद युवा ही जिम्मेदार हैं जो धार्मिक सियासत की कठपुतली बन रहे हैं।

विचारणीय है कि जिन आध्यात्मिक गुरुओं की जवाबदेही समाज में समानता ,समरसता और सहजीवन की सीख देना है और जिन राजनेताओं की जिम्मेदारी देश के सांप्रदायिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है वही देश और समाज को धर्म,जाति, वेशभूषा और रंगों में बांटने के लिए तुले हैं जो भविष्य के लिए घातक है। बीते दौर में कुछ हिंदू धर्मगुरूओं द्वारा महात्मा गांधी से लेकर अल्पसंख्यक समुदायों के बारे में काफी ओछी और विवादित टिप्पणियां की गई थी जो हिंदू धर्म के "वसुधैव कुटुंबकम्" और नैतिक मूल्यों के सर्वथा विपरीत है। भारत को "हिंदू राष्ट्र" बनाने के लिए सक्रिय संगठनों को समझना होगा कि देश की आजादी से लेकर राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में हिंदू धर्म के लोगों के साथ ही अन्य धर्मों और जाति समुदाय के लोगों की भी समान भागीदारी रही है। इधर कतिपय मुस्लिम नेताओं, मजहबी संगठनों के प्रमुखों और मौलवियों के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,हिंदू धर्म या संगठनों के खिलाफ दिए गए बयानों ने नफरत की खाई को बढ़ाने का काम किया है। उत्तरप्रदेश के हरदोई के एक मदरसे में इस साल 15 अगस्त को एक मौलाना द्वारा देश की आजादी पर किए गए विवादित टिप्पणी ने देश को असहज कर दिया था। बहरहाल मुस्लिम बुद्धिजीवियों की जवाबदेही है कि वे अपने समुदाय के लोगों को ऐसे गतिविधियों से परे रखें।

बहरहाल धर्म और जाति को राजनीति से अलग रखने की बात बेमानी है क्योंकि जिस देश का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ हो और जहां विभिन्न धर्मों को मानने वाले तकरीबन 3000 जाति और 25000 उपजातियां बसते हों वहां सियासत को मजहब और जात से जुदा रखना असंभव है। लिहाजा हमारे सियासतदानों , धार्मिक और सामाजिक संगठनों को यह सबक जरूर याद रखना चाहिए कि उनके गतिविधियों और वचनों से देश की एकता - अखंडता और धार्मिक व सामाजिक समरसता पर रंच मात्र भी आंच न आए आखिरकार राष्ट्र ही प्रथम है। गौरतलब है कि भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश में अलग-अलग धर्म और जाति के लोग रहते हैं जिनकी अपनी धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मान्यताएं हैं जिससे करोड़ों लोगों की निजी आस्था जुड़ी है। लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी के दुरूपयोग पर कानूनी डंडे नहीं बल्कि राजनेताओं और धर्मगुरूओं को अपने विचारों को शब्द देने के दौरान स्वअनुशासन की जरूरत है। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र वाले देश में सभी देशवासियों को धार्मिक और वैचारिक स्वतंत्रता है लेकिन स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता कदापि नहीं हो सकता लिहाजा अभिव्यक्ति में शालीनता और शिष्टता आवश्यक है ताकि लोकतंत्र की मर्यादा और देश का सौहार्द सुरक्षित रहे।

## उदयनिधि विवाद

प्रो. (डा.) मनीषा शर्मा



# सनातन पर प्रहार असह्य

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर जो विवादित बयान दिया है उससे उत्पन्न विवाद की आंच से निकली चिंगारियां सम्पूर्ण भारत में फैल गई है। चेन्नई के कामराजार एरीना में सनातन उन्मूलन सम्मेलन में भाग लेते हुए उदयनिधि स्टालिन ने 'भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान' शीर्षक से व्यंग्य चित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया और सनातन धर्म और बीजेपी को लेकर अपनी हेट स्पीच दी। इसमें उन्होंने कहा कि , 'हम उसका विरोध नहीं कर सकते, हमें मच्छर, डेंगू, मलेरिया कोरोनावायरस इत्यादि का विरोध नहीं करना चाहिए, हमें इसका उन्मूलन करना चाहिए सनातन धर्म भी ऐसा ही है'। अभी यह विवाद थमा नहीं था कि डीएमके नेता सांसद ए राजा के बोल भी सनातन पर फूटे उन्होंने कहा कि - 'सनातन धर्म एचआईवी रोग जैसा'।

सनातन धर्म पर ऐसी टिप्पणी कर ये अपनी अज्ञानता का सामूहिक परिचय दे रहे हैं। ये लोग सनातन को नष्ट करने की बात कर रहे हैं, उसकी तुलना डेंगू,मलेरिया, एड्स से कर रहे हैं। सत्ता के लिए, सत्ता के मद में चूर होकर ये विष वमन कर रहे हैं। इस बयान पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ये 'इंडिया' गठबंधन का हिंदूफोबिया दिखाता है। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने ट्वीट कर उदयनिधि व ए राजा के बयानों की आलोचना की। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट करके कहा, 'अब डीएमके सांसद ए राजा हिंदू धर्म को सामाजिक बुराई बता रहे हैं, ये उस धर्म के बारे में बोल रहे हैं जिस धर्म को इस देश की 80 प्रतिशत आबादी मानती है।' सनातन के खिलाफ इस प्रकार के नफरत भरे कुविचारों की दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक में निंदा हो रही है। धर्मगुरुओं से लेकर राजनेताओं और आम जनता में आक्रोश है। उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ देशभर में कई जगहों पर एफआईआर भी दर्ज किए गए हैं। भाजपा नेताओं ने कहा, तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति करने कि लिए इन लोगों ने 'सनातन धर्म' का अपमान किया है। हिंदू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि ने कहा कि आईएनडीआईए से जुड़े लोग मोदी से नहीं, 'सनातन धर्म' से लड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने उदयनिधि के बयान का समर्थन किया और कहा,कोई भी धर्म जो समानता को बढ़ावा नहीं देता है या यह सुनिश्चित नहीं करता है कि आपके पास मानव होने की गरिमा है, वह धर्म नहीं है। कोई भी धर्म जो आपको समान अधिकार नहीं देता या आपके साथ इंसानों जैसा व्यवहार नहीं करता वह बीमारी के समान ही है। सनातन के विषय में इन विषवमन करने वालों की अज्ञानता का यह स्तर कि इन्होंने असमानता हेतु सनातन धर्म को ही दोषी ठहरा दिया, जबकि सनातन का आधार ही समानता और सह अस्तित्व है। जो धर्म देश के बाहर से आए हैं, वह अलगाव और भेदभाव की बात करते हैं। जिस सनातन को द्रविड़ भूमि से हटाने की बात उदयनिधि कर रहे हैं, वह सनातन ही तमिल भाषा व संस्कृति का अवलंब है। ऐसी प्रचलित मान्यता है कि तमिल भाषा भगवान शंकर ने अगस्त्य ऋषि को सिखाई फिर अगस्त्य ऋषि ने तमिल संस्कृति और भाषा के प्रचार प्रसार के साथ उत्तर व दक्षिण भारत की एकता के लिए काम किया। यदि उदयनिधि अपनी बुद्धि पर चढ़ी हुई धुन्ध को साफ करें तो उन्हें पता चलेगा कि तमिल संस्कृति का आधार ही सनातन धर्म है। वे सनातन पर नहीं भारतीय आत्मा के मूल पर प्रहार कर रहे हैं।

'ऋग्वेद' (3-18-1)में कहा गया है -'यह पथ सनातन है। समस्त देवता और मनुष्य इसी मार्ग से पैदा हुए हैं तथा प्रगति की है। हे मनुष्यों आप अपने उत्पन्न होने की आधाररूपा अपनी माता को विनष्ट ना करें ।' सनातन का अर्थ है जो शाश्वत हो, सदा के लिए सत्य हो। जिन भी बातों का शाश्वत महत्व है वह सनातन कही गई है। जैसे सत्य सनातन है। ईश्वर ही सत्य है। आत्मा ही सत्य है। वह सत्य जो अनादि काल से चला रहा है, जिसका कभी अंत नहीं होगा वही सनातनी या शाश्वत है। वैदिक या हिंदू धर्म को इसलिए सनातन धर्म कहा जाता है क्योंकि यह धर्म ईश्वर,आत्मा, मोक्ष को जानने का मार्ग बताता है, मोक्ष से ही आत्मज्ञान और ईश्वर का ज्ञान होता है। यही सनातन धर्म का सत्य है । सनातन में सत्य, अहिंसा ,दया, जप तप , नियम आदि का विशेष महत्व है। यहाँ कही भी भेदभाव की बात नहीं है। समानता,समरसता सनातन के मूल आधार है। उचित यही है कि भारत के लोग जान लें कि वोट बैंक के लिए, सत्ता पाने के लिए जो लोग भारत की मूल आत्मा पर प्रहार कर सकते है वो कितने भारतीय हैं और उनका असली मकसद क्या है?

(लेखिका डीन व हेड पत्रकारिता एवं जनसंचार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
## दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
## प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगों का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगों के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहाँ-जहाँ भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहाँ गए, स्नान किया वहाँ-वहाँ स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सभी पर्वों से अलौकिक पर्व पर्युषण

पर्व राज पर्युषण का जैन धर्म में विशेष महत्व है। यह पर्व सभी धर्म से हटकर मनाया जाने वाला अलौकिक पर्व है। वर्षाकाल को प्रारंभ हुए करीब दो माह व्यतीत हो गए है। धर्म श्रवण का कार्य शिखर की ओर गतिमान है। ऐसे ही समय पर्वराज पर्युषण ने आकर हमारे हृदय द्वार पर दस्तक दी है। हमे जगाया है। यदि अब भी हम जागृत नही हुए और सोते रह गये तो आत्मा का कल्याण कैसे होगा। यह पर्व अन्य पर्वो की तरह नही है। यह आत्मा का पर्व है। पर्युषण पर्व सभी पर्वो का राजा है। इसलिए इसको पर्वराज के विशेषण से सुशोभित किया गया है। यह एक दिन के नही बल्कि आठ दिन तक के लिए आया है। पर्वराज पर्युषण आंतरिक जागरूकता का पर्व है। जितनी जागरूकता रखी जायेगी हमारा जीवन उतना ही गरिमामय बनेगा।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### किसान असली वैज्ञानिक



मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं कि धरा पर मानव सभ्यता की शुरुआत से ही हमारे किसान ही असली इंजीनियर और वैज्ञानिक हैं। उन्होंने मानवता के लाभ के लिए प्रकृति की ऊर्जा और उदारता का सही उपयोग किया है।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### मुआवजा दिला सकता हूं



सोमवार को सब्जियों, फलों और रसोई के उपकरणों के कुछ फुटपाथ विक्रेताओं ने मुझसे मुलाकात की और पूछा कि क्या मैं उन्हें जी-20 मीट के कारण तीन दिनों के वास्तविक लॉकडाउन के लिए सरकार से मुआवजा दिला सकता हूं।

-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता

### खामोशी छाई है



भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के बाद से खामोशी छाई हुई है चारों तरफ। ऐसा लगता है कि पड़ोसियों ने अपने टीवी सैट के साथ-साथ मोबाइल फोन भी तोड़ दिया है। कोई कुछ भी बोल क्यों नहीं रहा है कि आखिर हुआ क्या है।


-इरफान पठान, क्रिकेटर

### एक पृथ्वी, एक परिवार



एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। जी 20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी को देखना गर्व का क्षण है जो राष्ट्रों के बीच एकता को बढ़ावा देता है और बेहतर भविष्य के लिए गठबंधन बनाता है।


-आलिया भट्ट, अभिनेत्री




## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा


अफगानिस्तान के पूर्व कमांडर ने कहा कि अमेरिकी सेना के दो साल पहले अचानक काबुल छोड़ने के बाद देश में गृहयुद्ध की स्थिति पैदा हो रही है। तालिबान अब गुटबाजी से पीड़ित है और यह तेजी से विदेशी आतंकवादियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर वर्ष 2021 में कब्जे के दौरान सेना के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हिबतुल्लाह अलीजई ने कहा था, 'मेरा मानना है कि अफगानिस्तान में स्थिति बहुत गंभीर और खतरनाक है और यह एक खतरनाक दिशा की तरफ बढ़ रही है। इस स्थिति में अफगानिस्तान में गृह युद्ध या फिर देश विभाजित हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बीते दो वर्षों में इस पर आतंकवादियों का नियंत्रण रहा है और इसका शासन उन्हीं के हाथों में है।' अलीजई वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हैं और उन्होंने हाल में देश के बाहर अफगानिस्तान के लोगों को एकजुट करने के लिए एक पहल शुरू की है। अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए पूर्व कमांडर ने अफगानिस्तान और उसके लोगों को अचानक तालिबान के रहम पर छोड़ने के लिए जो बाइडन प्रशासन को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि तालिबान के शासन में अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों की संख्या बढ़ी है।



## ऑफ बीट

# पीसीओएस की चपेट में 20 फीसदी महिलाएं

ऐसा माना जाता है कि अंडाशय के काम करने के तरीके पर असर डालने वाली हार्मोनल स्थिति पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) की चपेट में दुनियाभर की 20 प्रतिशत महिलाएं आती हैं। यह स्थिति इतनी सामान्य है और इसका महिलाओं के स्वास्थ्य पर इतना गंभीर असर पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद शोधकर्ता अभी तक पूरे विश्वास के साथ यह नहीं कह सकते कि पीसीओएस के कारण क्या हैं –इसके इलाज के बारे में तो बात छोड़ ही दीजिए। हार्मोनल थेरेपी लेने के साथ ही ज्यादातर मार्गदर्शन में कहा जाता है कि वजन कम करना पीसीओएस से निपटने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। शरीर के वजन में महज चार प्रतिशत की कमी से भी लक्षणों में सुधार देखा गया है। वजन घटाने से ज्यादा वजन से जुड़ी कहीं अधिक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि टाइप 2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और सोते वक्त सांस लेने में दिक्कत होने का जोखिम भी कम हो सकता है। लेकिन पीसीओएस से जुड़े हार्मोनल असंतुलन से महिलाओं के लिए वजन कम करना मुश्किल हो सकता है। पीसीओएस केंद्रित अनुसंधान के लिए ऐतिहासिक कम वित्त पोषण का मतलब यह भी है कि यह पता लगाने के लिए विश्वसनीय, साक्ष्य आधारित मार्गदर्शन की भारी कमी है।



# संसद के विशेष सत्र में बहुत कुछ 'विशेष' होगा, नई इमारत होगी, नए ड्रेस में सजे संसदकर्मी होंगे

नई दिल्ली

संसद का विशेष सत्र कई मायने में 'विशेष' होने जा रहा है। संसद के नये ऐतिहासिक इमारत में विशेष सत्र आहूत होगा। संसदकर्मी नई भेषभूसा में होंगे। मार्शल, सुरक्षाकर्मी, अधिकारी, केबिन अटेंडेंट से लेकर ड्राइवर तक की पोशाकें पूरी तरह बदली नजर आयेंगी। विशेष सत्र में क्या विधायी कार्य निपटाये जाने उस पर भले ही आधिकारिक रूप से स्पष्टता नहीं है मगर ये तय है कि जी-20 के सफल आयोजन, चंद्रयान की सफलता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल विदेशी दौरे सहित केंद्र सरकार के कुछ अन्य ऐतिहासिक फैसले पर विस्तार से चर्चा प्रस्तावित है। कुछ विधेयक पेश किये जाने का प्रस्ताव है? इस सवाल पर संसदीय कार्यमंत्रालय से लेकर संसद तक खामोशी पसरी है।

बहरहाल, सोमवार से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र पुराने संसद भवन से शुरू होगा। अगले दिन, मंगलवार को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व के अवसर पर नये संसद भवन में विधि विधान के साथ प्रवेश कर विधायी कार्य निपटाये जायेंगे। नये संसद भवन में राष्ट्रीय ध्वज को भी लगाया जाना है। उल्लेखनीय है कि हर राष्ट्रीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाये जाने की परंपरा रही है। इस बीच सबसे ज्यादा चर्चा का विषय ये हो गया कि संसदकर्मियों की पोशाकों का लुक क्या होगा? दोनों सदनों के अंदर और बाहर के कर्मचारियों, खासकर सुरक्षाकर्मियों के लिए अलग अलग तरह की वर्दियो को डिजाइन किया गया है। ठंड के लिए वर्दी अलग होगी, गर्मियों के लिए अलग।

नई वर्दी में ₹भारतीयता₹ का स्पर्श होगा। दोनों सदनों के मार्शलों के सिर पर क्रीम कलर की खास तरह की पगडी होगी। 'पिच कलर' की शेरवानी और क्रीम कलर के कुर्ता पायजामा में मार्शल सजे धजे होंगे। अभी तक उनके लिए सलेटी रंग के बंद गले के कोट और पैंट का प्रावधान था। टेबल ऑफिस, नोटिस कार्यालय और संसदीय रिपोर्टिंग अनुभागों में कार्यरत अधिकारियों के लिए कमल की आकृति से सजी शर्ट तैयार की गई है। सभी महिला अधिकारी पिस्ते कलर की नई डिजाइन वाली साड़ियों में रहेंगी। ठंड में महिलाओं को साडी के ऊपर गाजरी रंग का कोट पहनना होगा। संसद सचिवालय की सभी पांच प्रमुख शाखाओं- रिपोर्टिंग, टेबल कार्यालय, नोटिस कार्यालय, विधायी शाखा और सुरक्षा विभाग के अधिकारी, मार्शल विशेष सत्र में नई वर्दी में दिखेंगे। वर्दी को राष्ट्रीय फूल, कमल की आकृति से सजाया गया है। संसद की कालीन में भी कमल की आकृति उकेरी गई है। संसद का विशेष सत्र कई मायनों में विशेष होगा। ऐतिहासिक होगा।


मार्शल


ऑफिशियल फीमेल


ड्राइवर सफर


ऑफिसर मेल


सिक्योरिटी फीमेल


सिक्योरिटी मेल


## खबर संक्षेप

### हरियाणा पुलिस की हिरासत में मानेसर



**नूंह।** हरियाणा स्थित नूंह में बीते दिनों हुए हिंसा के आरोपी मोनू मानेसर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मानेसर को बोलेरो और क्रेटा में आए पुलिसकर्मियों ने हिरासत में लिया।

### केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे स्वामी



**नई दिल्ली।** जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद से ही भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण है। अब भाजपा नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने दावा किया है कि चीन ने लद्दाख की 4067 वर्ग किलोमीटर की जमीन को हड़प लिया है। उन्होंने कहा कि वे केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहा हूं।

### निजामाबाद में हॉस्टल की 78 छात्राएं भर्ती



**हैदराबाद।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले के एक आवासीय बालिका विद्यालय की 78 छात्राएं भोजन करने के बाद बीमार हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिले के भीमगल कस्बे में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कई छात्राओं ने सोमवार रात का खाना खाने के बाद उल्टी और पेट में दर्द की शिकायत की। 78 छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मणिपुर में फिर हिंसा तीन लोगों की हत्या



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में मंगलवार सुबह अज्ञात लोगों ने 3 आदिवासियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने कहा, हमलावरों ने आदिवासी बहुल कांगगुई क्षेत्र में इरेंग और करम वैफेई गांवों के बीच घात लगाकर हमला किया था। ककमेटी ऑफ ट्राइबल यूनिटी ने हमले की निंदा की।

## भाजपा ने सनातन विवाद में कांग्रेस और राजद को घेरा, पूछे कई सवाल

# विपक्ष का आईएनडीआई गठबंधन सनातन को समाप्त करने के लिए बना: रविशंकर

नई दिल्ली

भाजपा ने सनातन विवाद में डीएमके के बाद कांग्रेस और आरजेडी को भी घेर लिया है। पूर्व कानून मंत्री और भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सनातन को लेकर रोज नए-नए बयान सामने आ रहे हैं। मेरा पहला सवाल ये है कि सोनिया गांधी इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? मैंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी सवाल पूछा था। मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में सांसद प्रसाद ने कहा कि अभी तक कांग्रेस पार्टी की तरफ से इस मुद्दे पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। सनातन पर पूरी तरह से चुप्पी साध ली गई है। उन्होंने कहा कि डीएमके के शिक्षा मंत्री पोनमुडी ने भी विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के आईएनडीआई गठबंधन को सनातन को समाप्त करने के लिए बनाया गया है। मैं कांग्रेस के अध्यक्ष और उनकी पार्टी से पूछना चाहता हूं कि क्या आप के अंदर किसी और धर्म पर टिप्पणी करने की हिम्मत है?

प्रसाद ने कहा कि डीएमके के शिक्षा मंत्री का बयान दिखाता है कि किस तरह विपक्ष अपने छिपे हएजेंडे को चला रहा है। आरजेडी के अध्यक्ष जगदानंद सिंह कहते हैं कि टीका लगाने वाला देश को गुलाम बनाता है। लालू जब मुंबई से सिद्धिविनायक मंदिर में गए तो उन्होंने भी टीका लगाया, लेकिन अपने पार्टी के नेता के बयान का विरोध नहीं किया, रामचरित्रमानस पर हुए विवाद पर भी लालू यादव चुप रहे हैं।

### सनातन विरोध इस तथाकथित घमंडिया गंठबंधन का संकल्प, खरगे ने भी सवाल किया



विपक्ष के गठबंधन पर हमला बोलते हुए रविशंकर ने कहा कि सनातन विरोध इस तथाकथित घमंडिया गंठबंधन का संकल्प है। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि अगर प्रभु राम के मंदिर का उद्घाटन होगा तो गोधरा जैसा नरसंहार हो जाएगा। इसका क्या मतलब है? ऐसी बात स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे के पुत्र कह रहे हैं, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में देश में नई ऊंचाई और साहस का परिचय दिखाया। पूर्व कानून मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मलिल्कार्जुन खरगे से भी सवाल किया। उन्होंने पूछा कि क्या खरगे जी ने अपने पुत्र प्रियांक खरगे की टिप्पणी पर कुछ कहा। क्या वह किसी और आस्था के देवों पर ये टिप्पणी कर पाएंगे। हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं। दरअसल, प्रियांक ने कहा था कि अगर कोई धर्म समानता को बढ़ावा नहीं देता है या फिर वह ये सुनिश्चित नहीं कर पाता है कि आपको इंसान होने का सम्मान मिले, तो वह मेरे मुताबिक धर्म नहीं है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वोट बैंक के लिए सनातन धर्म का विरोध क्यों किया जा रहा है। हमें सनातन की परंपरा पर गर्व है। देश सनातन का अपमान नहीं सहेगा. हम इसे गांव-गांव तक पहुंचाएंगे। हम विकास की भी बात करेंगे और सनातन की भी बात करेंगे।

### बदरुद्दीन बोले- ऐसे बयान निंदनीय, आलोचना ठीक नहीं



ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने सनातन धर्म को लेकर डीएमके नेताओं के बयानों की निंदा की है।उन्होंने स्पष्ट कहा है कि कोई किसी के धर्म के बारे में कुछ कहे, यह गलत बात है। अजमल ने कहा है कि हर व्यक्ति को दूसरों के धर्म का सम्मान करना चाहिए। हम लोग इस किस्म के बयान को नहीं मानते हैं, हम इसको बुरा मानते हैं और इसको नकारते हैं। सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन के विवादित बयान पर अजमल ने यह बात कही। उदयनिधि ने पिछले दिनों सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसका उन्मूलन (जख से खत्म) किया जाना चाहिए। फिर भी वे बयान पर कायम हैं।

### शेखावत भी भड़केः सनातन पर आंख न उठाएं



सनातन के खिलाफ कोई अपनी राजनीतिक ताकत और हैसियत बनाकर नहीं रख पाएगा देश में सनातन धर्म के खिलाफ पहले उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू से की, फिर ए राजा और दक्षिण के बड़े अभिनेता प्रकाश राज ने भी यही बयान दिया।लगातार हमलों के बीच केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भड़क गए हैं।शेखावत ने कहा कि हम सनातन धर्म का विरोध करने वालों की जुबान खींच लेंगे और सनातन की तरफ आंख उठाकर देखा तो आंख निकाल लेंगे।

#### हमला करने वाले बर्दाश्त नहीं

राजस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शेखावत ने कहा कि सनातन के खिलाफ कोई अपनी राजनीतिक ताकत और हैसियत बनाकर नहीं रख पाएगा। इस देश में कितने लोग आए, 400 सालों तक देश पर सनातन धर्म को खत्म करने आक्रमण किया गया, पर कुछ नहीं कर पाए।

### ये थे उदयनिधि के बोल: सनातन धर्म डेंगू, मलेरिया की तरह, इसे खत्म कर दें

सनातन को लेकर उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि सनातन धर्म डेंगू, मलेरिया की तरह है, इसे खत्म कर देना चाहिए क्योंकि केवल इसका विरोध करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमें कुछ चीजें खत्म करने की जरूरत है न कि सिर्फ इसका विरोध करने की। हमें इसका विरोध ही नहीं करना चाहिए बल्कि इसे खत्म कर देना चाहिए। हमारा पहला कर्तव्य है कि सनातन का विरोध करने के बजाय उसे खत्म करना होना चाहिए।

## सनातन का अपमान कर रही कांग्रेसः ठाकुर

# राम को काल्पनिक बताने वाले कांग्रेसी हिंदू बन रहे



एजेंसी बरवाड़ी(मप्र)

केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के बरवाड़ी व माचलपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा एक समय प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताने व अब सच्चे हिंदू बनने को ढोंग करार देते हुए कांग्रेस से सवाल किया कि कांग्रेस सनातन व संविधान को क्यों खत्म करना चाहती है? ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदू धर्म व सनातन को अपमानित करने में कोई कसर नहीं रखी है। ये वही हैं जो प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताते थे और अब सच्चे हिंदू बनने का ढोंग करते हैं। कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की राजनीति के बल पर सत्ता हथियाने की चाह रखती है। इनके लिए बाबा साहेब के संविधान का भी कोई मोल नहीं है। कांग्रेस और इनका घमंडिया गठबंधन भारत के संविधान और सनातन को जड़ से खत्म करना चाहता है।

### घमंडिया गठबंधन हिंदुत्व को अपमानित कर रहा

अनुराग ने कहा कि एक तरफ जहां घमंडिया गठबंधन के लोग हिंदुत्व को अपमानित कर रहे हैं, वहीं भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें देश के सांस्कृतिक वैभव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी व मसीएम शिवराजसिंह चौहान की श्रद्धा व प्रयासों से उज्जैन में दिव्य महाकाल महालोक का निर्माण, ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा के निर्माण जैसे अनेकों कार्य हो रहे हैं। चौहान प्रदेश के अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों के विकास के लिए कार्यरत हैं, सांस्कृतिक व धार्मिक विकास की इस यात्रा को चलाने के लिए मध्य प्रदेश में फिर एक बार भाजपा सरकार बनाएं। खंडवा से जन आशीर्वाद यात्रा मंगलवार को बड़वानी के निवाली से आरंभ हुई।

### जन आशीर्वाद यात्रा में शर्मा और प्रह्लाद भी थे

जन आशीर्वाद यात्रा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल शामिल हुए। प्रदेश सरकार के मंत्री प्रेम सिंह पटेल, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य, आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, प्रदेश प्रवक्ता व सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन भी थे।

## 'इंडिया एलायंस' कोऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक आज, अभिषेक नहीं आएंगे

# शरद के दिल्ली स्थित आवास पर आज 13 को मिलेंगे 13 नेता

नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया एलायंस' की उच्चाधिकार प्राप्त 14 सदस्यों वाली कोऑर्डिनेशन कमेटी की पहली औपचारिक बैठक आज, बुधवार को दिल्ली स्थित राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के निवास पर होगी। कोऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक में विभिन्न दलों के विपक्षी गठबंधन के नेता तो मौजूद रहेंगे, मगर तृणमूल कांग्रेस की तरफ से कमेटी के सदस्य अभिषेक बनर्जी इसमें हिस्सा नहीं ले सकेंगे। बैठक वाले दिन ही उन्हें ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है इसीलिए उन्होंने बैठक में भाग लेने में असमर्थता जतायी है।



### कुछ मीडिया हाउस के बॉयकाट पर होगी चर्चा

बैठक में आमचुनाव में विपक्षी गठबंधन की रणनीति पर चर्चा होनी है। उससे पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में गठबंधन कैसे मैदान में प्रत्याशी उतार सकता है उस पर भी चर्चा संभावित है। सूत्रों ने बताया कि मीडिया के एक वर्ग का बॉयकाट करने की रणनीति पर भी विमर्श होना है। कमेटी में शामिल एक वरिष्ठ नेता ने कहा, जिस बेशर्मी के साथ इलेक्ट्रॉनिक चैनल के कुछ एंकर समाचारों को एकतरफा हांक रहे हैं, वो न केवल मीडिया के उसूलों के खिलाफ है बल्कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। यही वजह है कि कुछ मीडिया हाउसों के बॉयकाट करने पर भी विचार किया जाना है। जाहिर है ऐसा हुआ तो इंडिया एलायंस के प्रवक्ता संबंधित मीडिया प्लेटफॉर्मस पर अपने प्रवक्ताओं को नहीं भेजेगा। ये एक प्रकार से लोकसभा चुनाव से पहले मीडिया पर दबाव बनाने की रणनीति का भी एक हिस्सा है।

### लोकसभा चुनाव तक का बनेगा कैलेंडर

उक्त नेता ने बताया कि गठबंधन में केवल सीट शेयरिंग ही बडा इश्यू नहीं है, लोकसभा चुनाव तक चुनावी तैयारियों का कैलेंडर भी बनाया जाना है। कब किस राज्य में कहां पर किस नेता की सभा की होगी, उसका मुद्दा तात्कालिक होने के साथ और क्या क्या होगा, विस्तार से चर्चा होनी है। राजग गठबंधन को लॉचुनौती देने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इंडिया एलायंस का निर्माण कर पहली बैठक पटना में ,दूसरी बैठक बंगलुरू और तीसरी बैठक मुंबई में हुई थी। मुंबई में शरद पवार के नेतृत्व में कांग्रेस से केसी वेणुगोपाल, डीएमके से टीआर बालू, झामुमो से हेमंत सोरेन, शिवसेना उद्धव गुट से संजय राउत, राजद से तेजस्वी यादव, आप से राघव चड्ढा, सपा से जावेद अली खान, जदयू से ललन सिंह, सीपीआई से डी राजा, सीपीएम से सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस से उमर अब्दुल्ला, पीडीपी से महबूबा मुफ्ती जैसे दलों के 14 नेताओं की इंडिया एलायंस की कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई ताकि सामूहिक नेतृत्व के एजेंडे पर चर्चा कर आगे बढ सकें।

## नफरत हारी, सद्भाव जीता

# कुकी-मैतेई ने मिलकर फुटबॉल में बनाया देश को चैंपियन



इंफाल। पिछले कुछ अरसे से मणिपुर हिंसा की आग में झुलस रहा है। इसकी जड़ में है मैतेई और कुकी समुदाय के बीच का झगड़ा। इस बीच इन्हीं दो समुदाय के दो युवकों ने मणिपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश को गर्व से सीना चौड़ा करने करने का मौका दे दिया है। इनमें से एक हैं भरत लारेनजम जो कि मैतेई समुदाय से आते हैं और दूसरे हैं लेविस जैंगमिन्लुन जो कुकी हैं। इन दोनों ने अपने प्रदेश में चल रहे झगड़े को दरकिनार कर भारत को अंडर-16 में दक्षिणी एशियाई फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक खिताबी जीत दिला दी है।

## एडीआर ने रिपोर्ट में सांसदों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया

# 40 फीसदी सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज

एजेंसी नई दिल्ली

मौजूदा सांसदों में से करीब 40 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने वाली एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और उसकी एसोसिएशन नेशनल इलेक्शव वॉच की ताजा रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मंगलवार को एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देशभर में लोकसभा और राज्यसभा की 776 सीटों में से 763 मौजूदा सांसदों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण करके जानकारी निकाली गई है।

### 25 फीसदी के खिलाफ गंभीर आपराधिक केस

रिपोर्ट में बताया गया है कि सांसदों ने पिछले चुनाव और उसके बाद उपचुनाव लड़ने से पहले जो हलफनामे दायर किए थे, उनसे डेटा निकाला गया है। एडीआर के विश्लेषण के मुताबिक 763 में से 306 (40 फीसदी) मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 194 (25 फीसदी) मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि भाजपा के 385 में से 98 (25%) सांसदों ने, जबकि कांग्रेस के 81 में से 26 (32%) सांसदों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के 36 में से 7 (19%), आरजेडी के 6 में से 3 (50%), सीपीआई-एम के 8 में से 2 (25%), आम आदमी पार्टी के 11 में से 1 (9%), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 31 में से 11 (35%) और एनसीपी के 8 में से 2 (25 फीसदी) सांसदों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।




### 11 सांसदों के खिलाफ हत्या से संबंधित मामले

11 मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ हत्या से संबंधित मामले घोषित किए हैं। 32 मौजूदा सांसदों ने हत्या के प्रयास के संबंधित मामले घोषित किए हैं। 21 मौजूदा सांसदों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले घोषित किए हैं। 21 सांसदों में से 4 सांसदों ने रेप से संबंधित मामले घोषित किए हैं।

### कांग्रेस के 53 फीसदी पर क्रिमिनल केस

इसमें बताया गया है कि 385 में से 139 (36 फीसदी) सांसद भाजपा के हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज है, वहीं कांग्रेस में 81 सांसदों में 43 (53 फीसदी) सांसदों पर क्रिमिनल केस हैं। टीएमसी के 36 सांसदों में 14 (39 फीसदी) सांसदों पर ऐसे मामले दर्ज हैं. आरजेडी के 6 सांसदों में से 5 (83 फीसदी) सांसदों, सीपीआई-एम के 8 में से 6 (75%) सांसद, आम आदमी पार्टी के 11 में से 3 (27%) सांसद, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 31 में से 13(42%) सांसद और एनसीपी के 8 में से 3(38%) सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

### मुंडन करवाकर धरने पर बैठे 'मुर्दाबाद' के नारे भी लगाए

**कोटा।** राजस्थान में कांग्रेस सरकार में आपसी कलह एक बार फिर से नजर आ रही है। कांग्रेस सरकार के विधायक ने अपनी ही सरकार के मुखिया अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कोटा में विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने मुंडन करवा कर पूरे राजस्थान का ध्यान अपनी ओर खींच लिया हैं। उन्होंने गहलोत को एक पत्र लिखा जिसमें खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के भ्रष्टाचार को समर्थन और खान की झोपड़ियां गांव को कोटा जिले में शामिल नहीं करने पर खेद जताया। मंगलवार को कोटा चंबल रिवरफ्रंट का लोकार्पण हो गया।

# मणिपुर के कांगगुई में फायरिंग, तीन की मौत

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के कांगपोकपी में मंगलवार को फायरिंग में 3 लोगों की मौत हो गई। अज्ञात हमलावरों ने कांगगुई इलाके में इरेंग और करम वैफेई गांव के बीच सुबह करीब 8.20 बजे ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें 3 की मौत हो गई। इससे पहले 8 सितंबर को टेंग्नौपाल के पल्लेल में भड़की हिंसा में भी तीन लोग मारे गए थे और 50 से अधिक घायल हो गए थे। मणिपुर में पिछले 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद के बाद अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इधर, प्रदेश भाजपा के 23 विधायकों ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने 10 कुकी MLA's के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं। भाजपा विधायकों ने प्रस्ताव को लेकर ष्टरूएन बीरेन सिंह से भी मुलाकात की।



## जी20 अध्यक्षता की सफलता पर पीएम मोदी को दी बधाई

# अलगाववादियों से कड़ाई से निपटेगा कनाडा जस्टिन ट्रूडो ने भारत को दिलाया है ये भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी से जी20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने मुलाकात के बाद अलगाववादी तत्वों से पूरी तरह से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। कनाडा रवाना होने से पूर्व पीएम ट्रूडो ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सफलता पर पीएम मोदी को बधाई दी है। जस्टिन ट्रूडो ने यह भी कहा है कि उनका देश हमेशा शांतिपूर्ण आंदोलन के हक को बनाए रखेगा। लेकिन इसके साथ ही यह भी तय किया जाएगा कि इसके बहाने न नफरत न फैलाई जाए। ट्रूडो ने भी भरोसा दिया था कि वह अपने देश में अलगाववादी तत्वों पर लगाम कसेंगे।

### हम आ रहे हैं; कनाडा में बैठे खालिस्तानियों की मोदी और शाह को धमकी

खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें उसने भारत को कनाडा में अपना दूतावास बंद करने की धमकी दी है। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जान से मारने तक की धमकी दे डाली है। पन्नू को एक वीडियो में कहते सुना जा रहा है, 'यह मेसेज उन लोगों के लिए हैं, जिन्होंने हरदीप सिंह निज्जर को मरवा डाला। मोदी, जयशंकर, डोभाल और शाह, हम तुम्हारे लिए आ रहे हैं।' हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तानी उग्रवादी थी, जो इसी साल जून में मारा गया।

### कनाडा अलगाववादी तत्वों से कड़ाई से निपटे

पीएम मोदी ने जस्टिन ट्रूडो से हुई मुलाकात में कहा है कि भारत-कनाडा संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति सम्मान और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने कनाडा में उग्रवादी तत्वों की जारी भारत-विरोधी गतिविधियों के बारे में हमारी कड़ी चिंताओं से अवगत कराया। ये तत्व अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं, भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं, राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और कनाडा में भारतीय समुदाय और उनके पूजा स्थलों को धमकी दे रहे हैं। संगठित अपराध, ड्रग सिंडिकेट और मानव तस्करी के साथ ऐसी ताकतों का गठजोड़ कनाडा के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए। ऐसे खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों का आपस में सहयोग करना जरूरी है। पीएम मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि भारत-कनाडा संबंधों की प्रगति के लिए आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित संबंध आवश्यक है।

### भारत अपने राजदूत को वापस बुलाए

कनाडा के आतंकवादी समूह ने ओटावा में भारतीय दूतावास को 'बंद' करने और उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को वापस बुलाने के लिए भारत को एक और धमकी भरा कॉल जारी किया। यह कॉल भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों की अलगाववादियों और आतंकवादियों से कड़ाई से निपटने के रूख के बाद आया है। पिछले 48 घंटों में यह दूसरी धमकी है। समूह ने कहा कि पीएम मोदी को अपने राजदूत को वापस बुलाना चाहिए अन्यथा उन्हें परिणाम भुगतने होंगे।

---

## खबर संक्षेप

### आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम से परिचय कराया जाएगा

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता के आधार पर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य 500 चिन्हित ब्लॉकों में 5000 ब्लॉक-स्तरीय अधिकारियों की कार्यशैली, कार्यक्षेत्र और व्यवहार, क्षमताओं में सुधार लाना है। जिससे शिक्षार्थियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से पूर्ण कराने के लिए महत्वपूर्ण विषयों से परिचित कराया जा सके। इस मॉड्यूल के माध्यम से आईजीओटी प्लेटफॉर्म कम सुविधाओं वाले प्रखंडों में परिवर्तन लाएगा।



### मोरक्को में भूकंप से अब तक मृतक 2800 के पार

**मराकेश।** मोरक्को के मराकेश में बीते 8 सितंबर को 6.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप का केंद्र मराकेश से 72 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में मौजूद था। ये भूकंप हाई एटल पर्वत पर आए थे। अब भूकंप की वजह से मरने वालों लोगों की संख्या 2800 से ज्यादा हो गई। वहीं घायलों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है। घायलों की संख्या बढ़कर 2562 हो गई है। मोरक्को में आए भूकंप के बाद राहत बचाव कार्य में तेजी लाई गई है। स्पेन, यूनाइटेड किंगडम और कतर जैसे देश भी बचाव अभियान में शामिल हैं।



---

#### भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय वार्ता

## विश्व कल्याण के लिए है दोनों देशों की साझेदारी: पीएम मोदी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जी20 में भाग लेने के बाद सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस की भारत में राजकीय यात्रा आरंभ हुई थी। पीएम नरेंद्र मोदी और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी की क्षमता को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि सऊदी अरब के साथ साझेदारी दुनिया की दो बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, विश्व शांति, कलयाण और स्थिरता के साथ ही भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच एक ऐतिहासिक आर्थिक गलियारा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह गलियारा न केवल दो देशों को जोड़ेगा बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक विकास और डिजिटल सम्पर्क सुविधा प्रदान करने में भी मदद करेगा।

### भविष्य के अवसरों पर काम कर रहे

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा, भारत-सऊदी अरब संबंधों के इतिहास में कभी भी कोई असहमति नहीं थी, लेकिन भविष्य के निर्माण और अवसर पैदा करने के लिए सहयोग है। दोनों देश भविष्य के अवसरों पर काम कर रहे हैं।

**सऊदी अरब ने पाक को इशारों ही इशारों में दे डाली नसीहत:** पीएम मोदी के साथ हुई बैठक में सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने पाक पर अप्रत्यक्ष रूप से जोरदार निशाना साधा है। सलमान ने कहा कि सभी देशों को एकदूसरे देशों के खिलाफ आतंकवाद का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। उनका इशारा साफ पाक की ओर था। भारत आए प्रिंस सलमान का जिस तरह जी20 और उसके बाद भी जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने ही मुस्लिम दोस्त पाकिस्तान को इशारों ही इशारों में नसीहत दे डाली।

### भारत दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार

भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है जबकि सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान द्विपक्षीय व्यापार 52 बिलियन डॉलर से अधिक का था। भारत में सऊदी का प्रत्यक्ष निवेश तीन अरब डॉलर से अधिक है और यह ऊर्जा सहयोग भारत-सऊदी द्विपक्षीय संबंधों का एक केंद्रीय स्तंभ है। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब भारत का एक प्रमुख भागीदार है। सऊदी अरब वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पाद का निर्यातक बना रहा।

---

#### अरुणाचल प्रदेश में बनी 500 मीटर लंबी 'नेचिफू सुरंग' राष्ट्र को समर्पित

## सीमाओं को सुरक्षित करने के साथ बीआरओ का सामाजिक-आर्थिक विकास में भी योगदान

एजेंसी ▶▶ सांबा

राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की हैं। 2,900 करोड़ रुपए से अधिक की ये परियोजनाएं 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में फैली हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश में 5,700 फीट की ऊंचाई पर बनी है नेचिफू सुरंग मुख्य रूप से शामिल है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के बिश्नाह-कौलपुर-फूलपुर रोड पर देवक पुल से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की हैं। अत्याधुनिक 422.9 मीटर लंबा क्लास 70 आरसीसी देवक पुल रणनीतिक महत्व का है क्योंकि यह सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों को बढ़ाएगा और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चार द्वार-तवांग (बीसीटी) रोड पर 500 मीटर लंबी 'नेचिफू सुरंग' का उद्घाटन किया। उन्होंने दुनिया का सबसे ऊंचा लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने के लिए लद्दाख के न्योमा एयरबेस को अपग्रेड करने का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने 2,900 करोड़ रुपए से अधिक की 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में फैली परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू सुरंग शामिल है; पश्चिम बंगाल में दो हवाई अड्डे; दो हेलीपैड; 22 सड़कें और 63 पुल शामिल हैं। इन 90 परियोजनाओं में से 36 अरुणाचल प्रदेश में हैं; 26 लद्दाख में; जम्मू-कश्मीर में 11; मिजोरम में पांच; हिमाचल प्रदेश में तीन; सिक्किम, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में दो-दो और नागालैंड, राजस्थान और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक-एक हैं।

### खास बातें

- 2,900 करोड़ रुपए से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन
- 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में किया जाएगा निर्माण




### पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता

रक्षा मंत्री ने कहा कि अपनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से, बीआरओ न केवल भारत की सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि दूर-दराज के इलाकों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इसका श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता को दिया।

### पूर्वी लद्दाख में न्योमा हवाई अड्डे की आधारशिला रखी

रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में न्योमा हवाई अड्डे की आधारशिला रखी। लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाला यह हवाई अड्डा लद्दाख में हवाई बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देगा और उत्तरी सीमा पर भारतीय वायुसेना की क्षमता में वृद्धि करेगा। रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि यह हवाई अड्डा, जो दुनिया के सबसे ऊंचे हवाई क्षेत्रों में से एक होगा, सशस्त्र बलों के लिए अत्यधिक उपयोगी होगा।

### सुरंग के दोनों तरफ फुटपाथ

दरअसल, नेचिफू दर्रे के आसपास का मौसम अत्यधिक धुंधला रहता है, जिसकी वजह से कई दशकों से सामान्य यातायात और सैन्य काफिले को दिक्कत होती रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस सुरंग के निर्माण की योजना बनाई गई थी। इसलिए सुरंग में अत्याधुनिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम लगाया गया है।

### मुश्किल को आसान बना रहा बीआरओ

रक्षा मंत्री ने कहा कि बीआरओ की असली उपलब्धि यह है कि आपने अपने प्रयास से मुश्किल को आसान बना दिया। देश के नागरिकों ने सीमा क्षेत्र के विकास को एक उपलब्धि के रूप में लेना बंद कर दिया है, क्योंकि अब यह सामान्य हो गया है। एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू करना और उसे समय पर पूरा करना नए भारत की अब सामान्य बात है। दुर्गम क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास बीआरओ के लिए एक आसान काम बन गया है। बीआरओ के साथ मिलकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश सुरक्षित रहे और सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास हो।

### 5,700 फीट की ऊंचाई पर बनी है नेचिफू सुरंग

बीआरओ ने अरुणाचल प्रदेश में बनाई गई नेचिफू सुरंग के उत्खनन कार्य के लिए आखिरी 'ब्रेक थ्रू ब्लास्ट' पिछले साल मई में किया था। यह सुरंग दोतरफा यातायात में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। इस परियोजना की आधारशिला रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ही 12 अक्टूबर 2020 को रखी थी। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में बालीपारा-चार दुआर-तवांग (बीसीटी) रोड पर नेचिफू सुरंग 5,700 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई है।

---

#### रूस से समुद्री मदद और द्विपक्षीय संबंधों पर होगी चर्चा

## भारत और रूस के बीच संबंध एक नई ऊंचाई पर: सोनोवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) में भारत का प्रतिनिधित्व करने रूस रवाना हुए। आठवां पूर्वी आर्थिक मंच 2023 का आयोजन रूसी बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में, भारत और रूस के बीच ऐतिहासिक संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं क्योंकि हम अपने व्यापार और वाणिज्य को मजबूत कर रहे हैं। ईईएफ से इतर सोनोवाल रूसी सुदूर पूर्व और आर्कटिक विकास मंत्री एलेक्सी चेकुनकोव, रूस के परिवहन मंत्री विटाली सेवलीव समेत अन्य नेताओं से मिलेंगे। इस मंच का उद्देश्य मजबूत संबंधों को बनाए रखने और विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक, व्यापार और लॉजिस्टिकल सहयोग को प्रोत्साहन देना है। दोनों देशों के बीच रणनीतिक, व्यापार और लॉजिस्टिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। केंद्रीय जलमार्ग मंत्री वैकल्पिक व्यापार रूट के रूप में चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मार्ग को शुरु करने हेतु 'पूर्वी समुद्री गलियारे' के लिए हितधारकों की बैठक को भी संबोधित करेंगे।



### एक वैकल्पिक व्यापार मार्ग विकसित होगा

रूस के लिए रवाना होते समय सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यह वास्तव में बड़े सम्मान और जिम्मेदारी की बात है कि मुझे प्रतिष्ठित पूर्वी आर्थिक मंच में हमारे महान देश का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में, भारत और रूस के बीच ऐतिहासिक संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं क्योंकि हम अपने व्यापार और वाणिज्य को मजबूत कर रहे हैं। भारत-रूस संबंधों में इस नए उत्साह को देखते हुए, हम रूस में व्लादिवोस्तोक के ऐतिहासिक बंदरगाह शहरों और भारत में चेन्नई के बीच एक वैकल्पिक व्यापार मार्ग विकसित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। रूस के नेताओं के साथ बैठकों के दौरान, हम दोनों देशों के बीच रणनीतिक, व्यापार और लॉजिस्टिक सहयोग को बढ़ावा देगी।

### रूसी संघ के वरिष्ठ मंत्रियों से करेंगे मुलाकात

सर्बानंद सोनोवाल दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की संभावनाओं पर रूसी संघ के वरिष्ठ मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे, जिसमें उत्तरी समुद्री मार्ग की संभावनाएं तलाशना और बंगाल की खाड़ी में ट्रांस शिपमेंट हब की स्थापना करना शामिल है। बता दें कि पूर्वी समुद्री गलियारे का उद्देश्य हमारे देशों के बीच कार्गो ट्रांजिट समय को कम करना है। भारतीय बंदरगाहों से रूसी सुदूर पूर्व तक की यात्रा में केवल 24 दिन लगते हैं, जबकि नोवोरोस्सिएस्क बंदरगाह से 30 दिन का समय लगता है। यह गलियारा भारत व रूस दोनों के लिए व्यापार और सहयोग के नए अवसरों को खोलने की अपार क्षमता रखता है।

---

#### भारत-ब्रिटेन आर्थिक और वित्तीय वार्ता का 12वां दौर

## एआई, बीमा साझेदारी, बुनियादी ढांचे के विकास पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-ब्रिटेन आर्थिक और वित्तीय वार्ता के 12वें दौर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और ब्रिटेन वित्त मंत्री जेरेमी हंट के बीच व्यापक आर्थिक और बहुपक्षीय मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया। निर्मला सीतारामन ने कहा कि एआई और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों के साथ वित्तीय सेवाओं को हम फिर से परिभाषित कर रहे हैं। ब्रिटेन वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने कहा कि वह भारतीय कंपनियों की सीधी लिस्टिंग के लिए लंदन स्टॉक एक्सचेंज को एक अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में इस्तेमाल करेगा। इसके साथ एक नई पेंशन और बीमा साझेदारी, ज्ञान और विशेषज्ञता-साझाकरण की स्थापना की साझेदारी हुई है।

### भारत, ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के पक्ष में




निर्मला सीतारामन ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए चर्चा हुई है। इसके निवेश पहलुओं पर दोनों पक्षों का इरादा चर्चा में तेजी लाने का है ताकि कुछ त्वरित समझौतों से एफटीए पर अंतिम रूप से हस्ताक्षर किए जा सकें। हम निवेश वार्ताओं को वस्तु एवं सेवा व्यापार वार्ता के समानांतर चलाने पर सहमत हुए हैं। दोनों पक्षों की उत्सुकता इसे जल्द से जल्द समाप्त करने की है।

**बुनियादी ढांचे का विकास प्राथमिकता में शामिल:** बातचीत में भारत और यूके के बीच ज्ञान साझा करने, सहयोग और समर्थन पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका मकसद बुनियादी ढांचे के विकास की प्राथमिकताओं, मजबूत फिनटेक साझेदारी और दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के लिए टिकाऊ वित्तपोषण को बढ़ावा देना है। भारत और यूके ने वित्तीय सेवाओं पर अपने सहयोग को गहरा करने, एक-दूसरे की ताकत के साथ आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### भारत-यूके इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ब्रिज की घोषणा

दोनों देशों ने यूके-इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज भी लॉन्च किया है। यह नीति आयोग और सिटी ऑफ लंदन कॉर्पोरेशन के सह-नेतृत्व में एक सहयोगी उद्यम है, जिसका उद्देश्य प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग करना है।

# वैर में मनाई कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती



चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) गुर्जर सम्राट योग पुरुष कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती के अवसर पर युवा टीम विधानसभा क्षेत्र वैर की ओर से मंगलवार को देवनारायण मंदिर भोंडा गांव रायपुर रोड पर स्वर्गीय कर्नल करोड़ी सिंह बैंसला की तस्वीर पर दीपक जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की। युवाओं ने हजारों की संख्या में वैर कस्बे में डीजे के साथ बाइक रैली निकाली।सभी समाज के युवाओं ने प्रण लिया कि कर्नल साहब के बताए हुई चार मूल सिद्धांत का पालन कर भारत के लिए वचनबद्ध हैं अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य ,कर्ज मुक्त समाज, पढी-लिखी मां, समाजसेवी मुकेश फौजी ने कहा कि कर्नल किरोड़ी बैंसला ने समाज में जागरूकता लाने का काम किया।वे सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। कर्नल बैंसला कहते थे कि एक शिक्षित मां सौ लोगों के बराबर होती है। कर्नल बैंसला के प्रयासों से गुर्जर सहित एमबीसी समाज को 5%आरक्षण का लाभ मिला। जिसकी बदौलत समाज को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। इस मौके पर विष्णु कसाना भौंडागांव,हेमंत नेता भोंडागांव, अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा अध्यक्ष महेश राजगढ़ अनिल सरपंच नावर,लाखन रायपुर,शिव सिंह बैसला खोहरी,मुकेश गुर्जर, निर्भय पटेल,पुष्पेंद्र सिंह बैंसला, खोहरी परशुराम,भूरा अधाना बृजेंद्र मेंबर,राजू नावर,काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र की जनता मेरे लिए भगवान के समान:समय सिंह जाटव



चमकता राजस्थान

भुसावर (राजवीर सिंह)भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में क्षेत्र की जनता ने बिगड़े मौसम में जहां बारिश हो रही थी आमोली पर मेरे कार्यक्रम में अपना कीमती समय निकालकर भारी संख्या में भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा को पूरी तरह सफल बनाया उसका तहे दिल से कोटि-कोटि आभार व्यक्त करता हूं। समय सिंह जाटव ने प्रेस वार्ता में बताया कि क्षेत्र की जनता मेरे लिए भगवान के समान है जनता ने जो प्यार व सम्मान दिया है मैं उसका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं तथा मैं भी भरोसा दिलाता हूं जनता के लिए मेरे दरवाजे 24 घंटे खुले हैं जनता का प्यार और आशीर्वाद इसी तरह बना रहे और मैं सेवक की तरह जनता की सेवा करता रहूं ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त मीडिया कर्मी तथा पुलिस प्रशासन की भी काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में जनता भ्रष्टाचार,हत्या, लूट,आदि से परेशान है अब जनता परिवर्तन चाहती है।आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगी।विकास की दुहाई देने वाले मंत्री भजन लाल जाटव के गृह क्षेत्र बल्लभगढ़ में जनसंपर्क के दौरान सड़कों पर गहरे गड्ढे व जल भराव की समसया है। जिसमें निकालने वाले आम राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है।उसमें गिरकर कई व्यक्ति चोटिल हो चुके हैं। लेकिन मंत्री भजनलाल जाटव का तो इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं है। वह तो भ्रष्टाचार मैं लिप्त हैं। उनको जनता की कोई परवाह नहीं।


# योगेश चाहर की टीम ने सांसद हनुमान बेनीवाल का किया भव्य स्वागत



चमकता राजस्थान

भरतपुर(राजवीर सिंह)आरएलपी सुप्रीमो व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने राजस्थान में छात्रसंघ के चुनाव निरस्तीकरण के विरोध में शहर भरतपुर के यातायात चौराहे पर हुंकार रैली को संबोधित करते हुए कहा कि, राजस्थान की कांग्रेस सरकार कभी भी विद्यार्थियों के हित में नहीं रही और यह सरकार युवा किसान मजदूर आमजन की विरोधी है। उन्होंने कहा कि राज्य राजस्थान में आगामी सरकार जो भी बनेगी और उस सरकार में आरएलपी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कॉलेज के विद्यार्थी छात्र संघ के चुनावो को लेकर जगह-जगह आंदोलन कर रहे हैं। उसके बाद भी राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उसके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रीगण आदि चुप लगाए हुए हैं। इस अवसर पर नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि मेरे राज्य राजस्थान की प्रजा कांग्रेस सरकार के शासन से परेशान हो चुकी है। अब जनता की सेवा करने के लिए आरएलपी राजस्थान में विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने मंच से भाजपा व कांग्रेस पर किया जोरदार जुबानी हमला। इस अवसर पर छात्र नेता देवेंद्र सिंह हथैनी,भरतपुर के किसान नेता योगेश चहार,एवं उनकी टीम ने सांसद हनुमान बेनीवाल का भव्य स्वागत करते हुए कहा कि भरतपुर संभाग की कई विधानसभा सीटों पर आरएलपी का कब्जा होगा और राजस्थान में आरएलपी की सरकार बनेगी।

# गांव छौकरवाड़ा के निकट डस्ट से भरा ट्रेलर सड़क किनारे पलटा



चमकता राजस्थान

भुसावर (राजवीर सिंह) गॉव छौंकरवाडा निकट डस्ट से भरा ट्रेलर सडक किनारे अचानक पलट गया। लेकिन गनीमत रही कोई जनहानि नही हुई। मिली जानकारी के अनुसार गॉव छौंकरवाडा निकट टैम्पू से उतरी एक महिला अचानक सडक पार करने लगी तो भुसावर की ओर से छौंकरवाडा की तरफ जा रहा डस्ट से भरा ट्रेलर महिला को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया। और पलट गया। लेकिन गनीमत रही कोई भी जनहानि नही हुई और किसी को कोई चोट नही लगी। वहीं ट्रेलर के पलटने से वाहन में भरी डस्ट पूरी तरह खेत में फैल गयी। वहीं सूचना मिलते ही भुसावर थाना पुलिस ने मौके पर पहुॅचकर घटना को लेकर जानकारी ली।

# विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की शौर्य यात्रा



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिला धौलपुर के बाड़ी उपखंड में शांति सद्भाव के साथ निकलेगी शौर्य यात्रा 20 सितंबर 2023 बुधवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में शौर्य जागरण यात्रा एवं जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। शौर्य जागरण यात्रा एवं विशाल जनसभा के संदर्भ में उपखंड अधिकारी यशवंत मीणा एवं पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र मीणा जी से विस्तृत चर्चा की ।समस्त समाजों के सहयोग से सामाजिक सौहार्द , सद्भाव, एकता एवं शांतिपूर्ण तरीके से निकाली जायेगी भव्य शौर्य जागरण यात्रा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री वैद्य गिरीश कुमार, जिला मठ मन्दिर प्रमुख बनवारीलाल शिवहरे, डॉ.जितेन्द्र शर्मा नगर अध्यक्ष, अमित यादव नगर मंत्री, महावीर विधौलिया नगर सहसंयोजक बजरंगदल,नीरज शुक्ला विद्यार्थी प्रमुख उपस्थित रहे।

# चिड़िया म्यूजिकल ग्रुप की चंबल अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्ट में प्रस्तुति




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिला धौलपुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला चंबल अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्ट, इस वर्ष धौलपुर जिले में आयोजित हुआ। जिसके अंतर्गत विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन जिले की प्रतिभाओं के द्वारा किया गया। बड़े हर्ष की बात है कि चिड़िया म्यूजिक स्टूडियो को पूरे जिले में से सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के लिए चुना गया। जिसके अंतर्गत आज बिजौली स्थित सभागार में म्यूजिक स्टूडियो के कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोक गीत की प्रस्तुति दी गई, जिसमें सभी श्रोतागणो के साथ माहौल संगीतमय हो गया।

चिड़िया म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों में रोहित कुमार, अविनाश, विवेक, मनीष बंसी, जय किशन, अतुल, रज़ा, करन, शैलेन्द्र व समीर आदि अहम् भूमिका में रहे।


# जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई धौलपुर के द्वारा




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट धौलपुर जिले के सैपऊ उपखण्ड की ग्राम पंचायत कारीमपुर में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे नरेगा मजदूर एवं ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटल भूजल योजना के कृषि विशेषज्ञ राम किशोर गोस्वामी द्वारा वर्षा मापी यंत्र, जल सुरक्षा निर्माण योजना में समुदाय की भूमिका एवं जल संरक्षण ,फसल पद्धति में बदलाव, फव्वारा पद्धति से सिंचाई और जल के प्रति व्यवहार परिवर्तन के बारे में बताया । अटल भूजल योजना के आईईसी विशेषज्ञ कल्याण सिंह द्वारा जन भागीदारी से हर पंचायत के लिए जल सुरक्षा योजना तैयार करना और महिलाओं की भागीदारी के बारे में बताया गया साथ ही वंचित समूहों का जुड़ाव और कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने तथा इसके साथ-साथ बारिश के पानी को एकत्रित करने के उपाय बताएं।


# पेयजल पाईप लाईन का सुस्त कार्य लोगो के लिए बन रहा परेशानी का सबब




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिला धौलपुर के बाड़ी उपखंड में पाईप लाइन के लिए मुख्य सड़कों पर गड्डे खोदकर भूल जाता है विभाग पाईप लाइन की खुदाई से शहर की अधिकांश खुदी पड़ी है मुख्य सड़के,नियमों व मापदंडों को अनदेखा कर किया जा रहा है। पाइप लाइन का कार्य,आवागमन करने वाले वाहन व लोग को करना पड रहा है। परेशानी का सामना बरसात के मौसम में पाइप लाइन की बेतरतीब खुदाई कोढ़ में खाज हो रही साबित ठेकेदार की मनमानी के आगे जलदाय विभाग शुरू से ही दिख रहा बेबस वहीं लोगो की परेशानी को लेकर प्रशासन नही दे रहा कोई ध्यान साशन एवं प्रशासन को इस ओर देना ध्यान देना चाहिए।

# बिना बुक सामान ले जाने वालों के विरूद्ध चलाया टिकट चेकिंग अभियान




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट अनाधिकृत यात्रा करने वाले यात्रियों एवं अनाधिकृत सामान ले जाने वालो में मचा हड़कंप

मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशानुसार व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमन वर्मा के निर्देशन मे सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रथम आगरा वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु दिनांक-11.09.2023 को आगरा-पलवल खण्ड तथा रुंधी स्टेशन पर विभिन्न गाड़ियों पर बिना टिकट यात्रा ,अनियमित यात्रा ,बिना बुक लगेज, गंदगी फ़ैलाने वालों के विरूद्ध की गई जाँच के परिणामस्वरूप उक्त जांच के दौरान 125 बिना टिकट यात्रियों से रु-37,570/-, अनाधिकृत यात्रा करने वाले 01 यात्रियों से रु- 350/- तथा 25 यात्रियों से गंदगी फैलाने के फलस्वरूप रु-2950/- सहित कुल 151 यात्रियों से रु- 40,870/- का जुर्माना वसूल किया गया। जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार की जांच मंडल में निरंतर कराई जा रही हैं। अतः यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर एवं निर्धारित सीमा से अधिक सामान को बुक कराकर ही यात्रा करे तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलाए |

# खराब मौसम के चलते उपराष्ट्रपति का करौली व धौलपुर का दौरा रद्द



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिला धौलपुर में 12 सितम्वर 2023 को उपराष्ट्रपति का आज राजस्थान के करौली एवं धौलपुर और भरतपुर आने का कार्यक्रम था। वे वायुसेना के विशेष विमान से आज सुबह ग्वालियर पहुंचे। वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा करौली और फिर धौलपुर जाना प्रस्तावित था। लेकिन खराब मौसम के कारण उपराष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर ग्वालियर से उड़ान नहीं भर सका। काफी विलंब के बाद मौसम में सुधार होने पर उपराष्ट्रपति ग्वालियर से रवाना हुए। लेकिन करौली में खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर उतर नहीं सका। फिर धौलपुर में उतारने का प्रयास किया लेकिन खराब मौसम के चलते वहाँ भी संभव नहीं हो पाया और उपराष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर वापिस ग्वालियर चला गया ग्वालियर से धनखड़ अपने विशेष विमान से आगरा के लिए रवाना हो गये जहाँ से वे भरतपुर पहुंचें।

सार समाचार

## सीएलजी सदस्य पुलिस व आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी - भाटी



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

पुलिस थाना बाप में मंगलवार को सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन थनाधिकारी हमीर सिंह भाटी उपस्थिति में हुआ। भाटी ने बताया कि इस समय लोक देवता बाबा रामदेव जी का मेला चल रहा है। मेले की आड़ में कई गिरोह सक्रिय हो जाते है। वे चोरिया, चेन तोड़ना, गाड़ी उठाने जैसे कार्य करते है, जिससे पुलिस व आमजन की परेशानी बढ़ती है। सीएलजी सदस्य जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए पुलिस को संदिग्ध लोगों की सूचना करे। घरो के आगे रोशनी भी रखने का आग्रह हर परिवार से करे। अपने छोटे वाहन संभवत: घरो में सुरक्षित रखने के साथ रात्रि में आमजन मोहल्ले में सह गश्त भी रखे। सीएलजी सदस्य पुलिस व आमजन के बीच की कड़ी बने। पैदल यात्रियों के लिए लंगर, रसोड़े, सड़क सीमा से पर्याप्त दूरी पर लगाये। मेले के समय दुर्घटनाएं अधिक होती है।घायलों को चिकित्सालय तक पहुचाने में मदद करे। प्रशासन की तरफ से एम्बुलेंस सेवा सड़क मार्ग पर रहेगी। तालाबो पर विशेष निगरानी रहे कि कोई अनहोनी घटना नही हो।

## सौलर प्लांट मे हुई केबल चोरी के 4 प्रकरणो का पर्दाफाश, 2 मुलजिम गिरफतार




### बाप पुलिस की कार्रवाई, मुल्जिमानों के कब्जे से चोरी की पिकअप जब्त

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप पुलिस द्वारा सोलर प्लांट मे हुई केबल चोरी के 4 प्रकरणो का खुलाशा कर 2 मुल्जिम गिरफतार कर मुलजिमानो के कब्जे से वारदात मे प्रयुक्त चोरी हुए पिकअप वाहन को जब्त करने मे सफलता प्राप्त की है।7 सितंबर 2023 को प्रार्थी दुर्गसिंह पुत्र खंगार सिंह जाति राजपुत निवासी चान्दनी पुलिस थाना लाठी जिला जैसलमेर हाल फिल्ड ऑफिसर अडाणी सौलर प्लांट रावरा पुलिस थाना बाप जिला फलौदी ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट पेश की कि हमारे सौलर प्लांट से अज्ञात चोर डीसी केबल चोरी कर ले गये है। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसन्धान एवं माल मुलजिमानो की पतारसी शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी विनीत कुमार बंसल द्वारा सोलर कम्पनियों मे लगातार हो रही चोरीयो की घटना को गम्भीरता से लेते हुए अतिशीघ्र ट्रेस आउट कर चोरी का माल बरामद कर मुलजिमानो का गिरफतार करने के निर्देश दिये गए। जिस पर सोरभ तिवाडी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी व रामकरणसिह मलिण्डा वृताधिकारी वृत फलौदीं के निकट सुपरविजन में हमीरसिंह भाटी थानाधिकारी पुलिस थाना बाप मय जाब्ता के द्वारा आसूचना एवं तकनीकी स्त्रोत के आधार पर पुनाराम उर्फ कालू पुत्र भंवरलाल विशनोई निवासी राडिया मगरा नौसर पुलिस थाना मतौडा व प्रकाष पुत्र मलूकाराम विशनोई निवासी चन्द्रनगर पुलिस थाना लोहावट हाल निवासी राडिया मगरा पुलिस थाना मतौडा जिला फलौदी को दस्तयाब कर मनोवैज्ञानिक तरीको से पुछताछ की गई तो उक्त मुलजिमानो ने पुलिस थाना बाप क्षेत्र के विभिन्न सौलर प्लांट मे कुल 4 केबल चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर उपरोक्त मुलजिमानो को गिरफतार किया गया। मुलजिमानो के कब्जे की पिकअप वाहन के सम्बन्ध मे जानकारी जुटाई गई तो उक्त मुलजिमानो द्वारा पिकअप वाहन दिनांक 2 अगस्त 2023 को पुलिस थाना बोरानाडा आयुक्तालय जोधपुर से चोरी करना ज्ञात हुआ है। मुलजिमानो द्वारा की गई केबल चोरी की बरामदगी व अन्य शरीक मुलजिमानो के सम्बन्ध मे अनुसन्धान जारी है। मुलजिमानो द्वारा अडाणी सौलर प्लांट रावरा, एक्मे सौलर प्लांट अखाधना, एबीसी रिन्युवेबल सौलर प्लांट नयागांव व परम रिन्युवेबल कल्याणसिंह की सिडड सौलर प्लांट मे केबल चोरी करना स्वीकार किया गया है।

## कुम्हारा वितरिका में नहीं पहुंच रहा पानी, किसानों ने किया प्रदर्शन

### राज्य के मुख्यमंत्री व आईजीएनपी के मुख्य अभियंता को भेजा पत्र

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान



बाप ब्लॉक की ग्राम पंचायत बड़ीसिड क्षेत्र से निकल रही कुम्हारा माइनर वितरिका 31 में नहर का पानी नहीं पहुंच रहा है। किसान हरुराम बिश्नोई, ओमाराम बिश्नोई, पनाराम नाई, मोतीलाल जोशी, दुर्गादान चारण, नरुदान चारण, सवाईराम जोशी, श्याम बिश्नोई, गोपाल बिश्नोई, देवी सिंह, सवाई राम ढोली पप्पू सिंह तंवर, गंगा सिंह आदि ने मंगलवार को माइनर पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि इस समय कुम्हारा माइनर में पानी छोड़ने की बारी चल रही है, लेकिन माइनर में पानी नहीं पहुंच रहा है। पिछले लंबे समय से यह समस्या आ रही है। पूर्व में कई दफा नहर विभाग के अधिकारियों को इसकी शिकायत की गई, लेकिन वह इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने राज्य के मुख्यमंत्री व इंदिरा गांधी नहर परियोजना के मुख्य अभियंता को ज्ञापन प्रेषित कर बताया कि कुम्हारा माइनर में पानी नहीं पहुंचने के कारण फसलें जल रही है। किसानों ने बैंकों से कर्ज लेकर खेती की, लेकिन फसले जलने के कारण अब किसानों के समक्ष ऋण चुकाने की भी समस्या आएगी। किसानों ने उनके हक का पर्याप्त पानी कुम्हारा माइनर में छोड़ने की मांग की।

# दो रहवासिया मकानो में घुसकर अज्ञात चोरों ने हजारों की नकदी सहित लाखों के आभूषणों पर हाथ किया साफ

### जांबा गांव का है मामला, कैलाश दर्जी व मांगीलाल भादू के मकान में हुई चोरी, पुलिस ने किया मौका मुआयना, ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर चोरियों का पर्दाफाश करने की मांग

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान




जांबा गांव में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने दो रहवासिय मकानो में घुसकर हजारों की नकदी सहित लाखों के आभूषण पर अपना हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार के लोग मंगलवार सुबह जब सोकर उठे तो उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। सूचना मिलने पर जांबा पुलिस मय जाप्ता मौके पर पहुंची तथा दोनों मकानो का मुआयना किया। मिली जानकारी के अनुसार जांबा गांव की आबादी में स्थित कैलाश दर्जी व मांगीलाल भादू के मकान में चोरी हुई। अज्ञात चोर रात्रि के समय मुख्य दरवाजे से कैलाश दर्जी के घर में घुसे। कैलाश जिस कक्ष में सो रहा था, उसके पास वाले कक्षा में चोर घुसे तथा अंदर से दरवाजा बंद कर दिया खिड़की से होकर बाहर निकल गए यहां से 6-30 हजार नकदी सहित आधा तोला आभूषण चोरी हुआ इसके बाद मांगीलाल भादू के घर में घुसे मांगीलाल अपने परिवार के साथ खेत में गया हुआ था यहां पर एक कक्ष में घुसकर दो-तीन बक्सों को तोड़ा तथा एक बच्चे को लेकर कर पूर्ण में चले गए वहां पर 10 से 12000 की नकदी व साढे तीन टोला के आभूषण सोने के चुरा ले गए। पुलिस ने पीड़ित परिवारों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

दिया ज्ञापन - एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी की वारदात से ग्रामीणों में भय का माहौल हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जांबा थाने पहुंचे तथा एसएचओ सुरेश कुमार सारण को ज्ञापन दिया। जापान में चोरियों की वारदात का जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय भाजपा जांबा मंडल अध्यक्ष स्वामी बालकृष्ण, समाजसेवी शैतानराम दर्जी, इंद्र कंवर, उम्मेद गिरी, मगराज दर्जी, मनवीर सिंह, बांकाराम भादू, भंवरलाल भादू, पूंजाराम लोहार, भंवर सिंह भाटी, नरपत सिंह भाटी, अजीतारम सेन, हस्तीमल दर्जी, मगराज सोनी, मदन सोनी, जगदीष सुथार, लिखमा राम भील, मदन सुथार, श्याम लाल, पर्वत कुमार, राणाराम नाई, प्रेम प्रकाश सुथार आदि उपस्थित थे। पुलिस की रात्रि गश्त पर उठ रहे सवाल - जांबा के ग्रामीणों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठाए हैं। जांबा थाने से कुछ ही दूरी पर दो घरों में चोरी की वारदातें हो गई, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। ग्रामीणों ने बाबा रामदेव मेले को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# नगरपालिका मुख्यालय बाप से नही गुजरती निगम की बसे

## यात्री होते है परेशान, ग्रामीणों ने वर्तमान बस स्टेण्ड व मुख्य बाजार से होते हुए निगम की बसों का संचालन करवाने की मांग, होगा आंदोलन

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान




उपखंड व नगरपालिका मुख्यालय बाप के अंदर से इस समय रोडवेज की एक भी बस नहीं निकलती है। वर्तमान में निगम की बसों में सफर करने वाले स्थानीय यात्रियों को बाप कस्बे से दूर एनएच 11 पर नोख फांटा या कानासर चौराहा पर उतरा जा रहा है। बीकानेर से फलोदी व जैसलमेर से बीकानेर के रूट पर चलने वाली निगम की बसें बाप कस्बे के वर्तमान बस स्टैंड व मुख्य बाजार से होकर नहीं गुजर रही है। यह बसें सीधे एनएच 11 होते हुए कस्बे के बाहर से निकल रही है। इस वजह से बुजुर्ग यात्रियों, महिलाओ व बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 5 वर्षों से रोडवेज की बसे कस्बे के अंदर नही आ रही है।इसमे यात्रा करने वाले यात्रियों को बाप से 3 किलोमीटर दूर नोख फांटा, कानासर फांटा पर उतारते व चढ़ाते है। वहा से गांव के अंदर तक आने में बस किराये से अधिक पैसा यात्री को टेक्सी के देने पड़ते है। मजबूरी में यात्री निजी बसों में यात्रा करते देखे जा रहे है। वरिष्ठ नागरिकों के रोडवेज के पास भी बने है, पर दूरी व गांव से बाहर बसो का ठहराव बहुत कठिनाई भरा है। नगरपालिका बाप में 200 से अधिक वरिष्ठ नागरिक है, जिनके रोडवेज के किराया छूट के स्मार्ट कार्ड बने हुए है। मगर गांव में रोडवेज बसों का नही आना उनके साथ धोखा है। ग्रामीणों ने आगार प्रबंधक फलोदी को पत्र भेज कर रोडवेज की बाप हाई वे से गुजरने वाली सभी बसों का संचालन नगरपालिका कार्यलय बाप के समक्ष वर्तमान बस स्टैंड से या नए बस स्टैंड नेहरु कोलोनी तक करने की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि कालीन बसे गांव से बाहर यात्रियों को उतारती है, जिससे महिला यात्रियों के सामने कई खतरे है। ग्रामीणों की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान मे रख कर बसो का संचालन गांव के अंदर से करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 30 सितम्बर तक रोडवेज बसों का ठहराव व संचालन वर्तमान बस स्टैंड नगरपालिका कार्यालय बाप या नेहरू कॉलोनी नए बस स्टैंड से प्रारम्भ नही किया गया तो आंदोलन किया जायेगा।

इनका कहना है

मेरी जानकारी में यह बात आई है। में रोडवेज के अधिकारियों से बात कर वर्तमान बस स्टैंड या नेहरू कॉलोनी नए बस स्टैंड से बसों का संचालन करने की माग करूंगी। नगर पालिका बाप की जनता को निगम की बस सेवा का लाभ मिले यही मेरी इच्छा है। इस समय बसे बाहर ही ठहरती है। यह हमारे साथ अन्याय है। - **लीलादेवी जगदीश पालीवाल, अध्यक्ष नगर पालिका बाप।**

## 108 कुंड़ीय गायत्री महायज्ञ मीटिंग आयोजित

चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा भरतपुर, 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्ति पीठ भरतपुर पर कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे जिले के सभी कार्यकर्ता सम्मलित हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चन्द्र पाराशर ट्रस्टी गायत्री तपोभूमि मथुरा ने की, मीटिंग में यज्ञ शाला की विभिन्न कमेटीयो को बनाया गया, प्रचार प्रसार हेतु नरेन्द्र जोशी, कलश यात्रा प्रभारी डा गिरीश शर्मा, तारा देवी, कमलेश खटाना, मंजू देवी, शशी वाला,सरोज, कमलेश, विनीता,शशि,मंच व्यवस्था डा भगवान सिंह, डा के सी शर्मा, गजराजसिंह,मीडिया प्रभारी कोशलेष शर्मा, केदार पाराशर, बाबूलाल कटारा,भोजन व्यवस्था डा सुशील पाराशर, यज्ञ निर्माण ज्ञानेंद्र इंजीनियर अलवर, स्वागत समिति देवेन्द्र चामड़, डा सुशील, डा गिरीश, नरेन्द्र जोशी, सुरेश पाराशर, पुस्तक मेला प्रभारी आर सी गोयल नदबई, वित्त व्यवस्था चन्द्र प्रकाश जसोरिया, श्याम सुन्दर, जगदीश अरोड़ा, यज्ञ शाला निर्माण अनिल पांचाल, श्याम सिंह नदवई , चिकित्सा व्यवस्था डा जय सिंह कहरवाल, जल व्यवस्था राज कुमार, आदि समिति बनाई गई, आज प्रात: प्रभात फेरी, पुष्प वाटिका कॉलोनी, अनिरूद नगर, गीता कॉलोनी, सिविल लाइन्स, मे पीले चावल वाट कर सभी लोगो को यज्ञ में आमंत्रित किया, प्रचार में नरेन्द्र जोशी, जगदीश ट्रेजरी, राम गोपाल, रवि सिंह, अनिल, डा के सी शर्मा, खूबी राम उपस्थित रहे ।

## ऑल इण्डिया हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चंद शर्मा,प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला ने पदाधिकारीयों को मनोनीत किया

चमकता राजथान

ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा जयपुर, ऑल इंडिया हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर, के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं राजस्थान प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण कांजला की अनुशंसा पर महासभा संगठन ने राजस्थान प्रदेश की कार्यकारिणी में तमाम समाज बंधुओं को मनोनीत किया गया है, जिसमें उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा पंचोली बासा फतेहपुरा चौमू, उपाध्यक्ष सत्यनारायण बापलावत गोल्यावास सांगानेर, उपाध्यक्ष प्रभुनारायण बापलावत गोल्यावास सांगानेर, उपाध्यक्ष बद्रीनारायण शर्मा मास्टर खेजड़ी चाकसू, उपाध्यक्ष सरपंच रामराय शर्मा कुथाडा बस्सी, उपाध्यक्ष नंदकिशोर नारिडया डिडवाना लालसोट, उपाध्यक्ष कालूराम शर्मा पटेलो की ढाडी हरध्यानपुरा, उपाध्यक्ष नाथूलाल शर्मा हरिहंत कुंज विहार कॉलोनी चाकसू, संगठन मंत्री रामजीलाल शर्मा सायवाड जमवारामगढ़, सेवा निवृत तहसीलदार संगठन मंत्री प्रकाश चंद शर्मा फुटावाला जमवारामगढ़, संगठन मंत्री राजेंद्र कुमार शर्मा कूकस आमेर, संगठन मंत्री रामचरण शर्मा जोडलाकुआ बस्सी पदाधिकारी मनोनीत किए ।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में दो दिवसीय किशोरी मेला का हुवा आयोजन

### मेले में छात्राओं के बनाये मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र

**चमकता राजस्थान / चौमहला रमेश मोदी** .राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चौमहला परिसर में दो दिवसीय किशोरी मेले का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के पहले सत्र में मेले का उद्धघाटन समारोह विशिष्ठ अतिथि सी बी इ ओ ब्लॉक डग ,मुख्य अतिथि ए डी पी सी झालावाड़ , सी ई ओ आफताब अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुवा । सर्व प्रथम शिक्षा की देवी माँ सरस्वती देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर आरती की गई , इसके पश्चात पधारे मंचासीन अतिथियों का माला पहनाकर साफा बांध कर सम्मान किया गया ।विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया ,अन्य छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये गए । इस कार्यक्रम में 12 विद्यालयों की अध्यापिकाएं व 400 छात्राएं ,व विद्यालय में आवास कर रही बालिकाओं के माता पिता व भामाशाहों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।इस दौरान भामाशाह गोविंद सिंह द्वारा 1100 / रुपये की सहायता राशि विद्यालय को भेंट की , इस मेले में छात्राओं द्वारा बनाये गणित ,विज्ञान ,हिंदी आधारित मॉडल के स्टाल लगाए गए ,जिसमे चन्द्रयान 3 का मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा । विद्यालय प्रधानाध्यापिका अलका मेडम द्वारा स्वागत व प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।और इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला ।और बताया कि बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ ,वंचित परिवारों की बेटियां पढ़ लिख कर आगे बढे ।अंत मे कार्यक्रम अध्यक्ष ने पधारे माता पिताओं को विश्वास दिलाया कि आपकी बेटियां इस आवासीय विद्यालय में पूर्ण रूप से सुरक्षित है ,एव उनकी हर समस्या के लिए हमेशा विद्यालय परिवार तैयार रहता है ,इसके बाद भी कोई समस्या है तो तुरंत मोबाइल पर सूचना दे । मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक रामचरण लोधा ,व परमानंद लव वंशी ने किया । इस कार्यक्रम में व्यवस्थापिका संतोष मीना , सज्जन सिंह ,प्रेम बाई ,दशरथ सिंह मनोहर चौहान अध्यापक उपस्थित रहे ।अंत मे सामूहिक भोज का आयोजन किया गया ।




## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

ग्रामीण विकास विज्ञान समिति उप केंद्र बाप द्वारा जल पोषण एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम परियोजना के तहत चयनित गांवो में तीन दिन रविवार से मंगलवार तक स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर भूराराम पंवार ने बताया कि अनदासर, गाड़ना, बोहरानाडा, बावड़ी बरसिंगा, साँवरागाँव व जेतड़ासर आदि गांवों में शिविर आयोजित हुए। शिविर में डॉ आरएस चतुर्वेदी व उनकी टीम द्वारा आमजन के चेकअप कर नि:शुल्क दवाई दी गई। इस अवसर पर ग्राविस बाप सेंटर इंचार्ज श्रीकांत ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष तौर से वर्द्धजनों के लिए है। इस समय उनकी देखभाल व खानपान पर ध्यान देने की आवश्यकता है। फील्ड सुपरवाईजर बीजाराम ने भी अपनी सेवाए दी।

## नई शिक्षा नीति को लेकर दी उपयोगी जानकारी




बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

राजकीय महाविद्यालय बाप में मंगलवार को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों को सेमेस्टर प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सहायक आचार्य डॉ योगेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य देश को ग्लोबल लेवल पर लाना है। इस शिक्षा नीति के तहत शिक्षा सभी के लिए सुलभ होगी एवं यह शिक्षा नीति भारत के युवाओं को समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा के अवसर प्रदान करेगी। डॉ शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में इस बार सेमेस्टर सिस्टम लागू किया गया है। सेमेस्टर सिस्टम के अंतर्गत अब विद्यार्थियों को एक वर्ष के अंतर्गत दो परीक्षा योजनाओं से गुजरना पड़ेगा।कार्यवाहक प्राचार्य सुरेंद्र कुमार जान्दू ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स आईडी बनानी है एवं इसकी सूचना महाविद्यालय को आवश्यक रूप से देनी है। एबीसी के बिना विद्यार्थी परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे।

## दहेज प्रथा एक सामाजिक अभिशाप - शर्मा

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप कॉलेज में मंगलवार को राज्य महिला नीति 2021 के तहत एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें दहेज प्रथा अधिनियम 1986 एवं सेक्सुअल हरासमेंट पर व्याख्यान दिया गया। इस मौके बोलते हुए सहायक आचार्य डॉ योगेश शर्मा ने कहा की दहेज परंपरा एक अभिशाप बन चुकी है, जिसके अंतर्गत समाज में प्रतिस्पर्धा की भावना के चलते एवं झूठी शानो शौकत के लिए बढ़ा चढ़ाकर दहेज लिया और दिया जाता है, जो कि बहुत गलत है। युवा वर्ग अगर आज से ही शपथ लेकर इस कुप्रथा पर प्रहार करना शुरू कर दे तो वह दिन दूर नहीं जब अपना राज्य दहेज मुक्त राज्य कहलाएगा।कार्यवाहक प्राचार्य सुरेंद्र कुमार जांदू ने सेक्सुअल हरासमेंट पर व्याख्यान देते हुए महिला उत्पीड़न के बारे में विस्तार से बताया एवं छात्राओं की समस्याओं का तत्काल समाधान किया। जांदू ने कहा कि महिला के निकट रिश्तेदारों जैसे माता-पिता, भाई- बहन, सास- ससुर या परिवार के किसी भी सदस्य या अन्य व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला हिंसात्मक व्यवहार एवं अत्याचार जो नारी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से आघात पहुंचाता है वह कृत्य महिला उत्पीड़न में आता है। महिला उत्पीड़न के मामले अशिक्षा एवं उचित न्याय प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण अधिक आते हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए हम सभी को सार्थक पहल कर सामाजिक कुप्रथाओं पर रोक लगानी चाहिए तथा स्त्री शिक्षा को महत्व देना चाहिए। इस अवसर पर शिवकुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## राजस्थान उच्च शिक्षा (कॉलेज शिक्षा विभाग) मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग का द्वितीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ

चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा भरतपुर, राजस्थान उच्च शिक्षा (कॉलेज शिक्षा विभाग) मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग के द्वितीय अधिवेशन में भरतपुर संभाग पर राजकुमार शर्मा को अध्यक्ष, शिवनुवाल को उपाध्यक्ष, देवेन्द्र कश्यप को सचिव एवं योगेश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया । राजस्थान उच्च शिक्षा (कॉलेज शिक्षा विभाग) मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग का द्वितीय संभाग स्तरीय कार्यक्रम होटल प्रताप वाटिका, सारस चैराहा, भरतपुर में आयुक्तालय कॉलेज षिक्षा राजस्थान, जयपुर के प्रतिनिधि रूप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । रूपसिंह ने नव नियुक्त संभागस्तरीय कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में सम्पूर्ण कार्यकारिणी मंत्रालयिक संवर्ग हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी । राजकुमार शर्मा एवं शिवनुवाल के सुझाव एवं दिशा-निर्देशानुसार भरतपुर जिलाध्यक्ष पद पर अमित कुमार शर्मा, डीग जिलाध्यक्ष पद पर पर श्रीमती मंजू वर्मा, एवं धौलपुर जिलाध्यक्ष पद पर अमर गोस्वामी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। आयुक्तालय, जयपुर के प्रतिनिधि रूप सिंह ने नव नियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए सभी को अपने संवर्ग हित में पूर्ण निष्ठापूर्वक कार्य करने का आव्हान किया। ज्ञातव्य है कि राज्य स्तर पर उच्च षिक्षा विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों का कोई संगठन नहीं होने के कारण उनकी मुख्य समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं हो पाता है अत: इस संदर्भ में भरतपुर संभाग के भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, डीग, गंगापुर सिटी जिले के उपस्थित मंत्रालयिक कर्मचारियों ने एकमत से संगठन को मूर्त रूप दिया है ताकि आयुक्तालय, जयपुर स्तर पर अपनी लंबित पड़ी समस्याओं को संगठन के माध्यम से पैरवी कराकर त्वरित समाधान कराया जा सके। विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों के साथ आकस्मिक दुर्घटना घटित होने पर आपातकालीन आर्थिक सहायता हेतु एक सहायता कोष की भी स्थापना की गई है, जिसमें सभी ने अपना आर्थिक योगदान दिया है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्मिकों को राजकुमार शर्मा, शिवनुवाल, योगेश कुमार शर्मा, अमर गोस्वामी, श्रीमती मंजू वर्मा, श्रीमती रंजना सिंघल, श्रीमती बृजेश्वरी देवी, नवीन धाकरे, अभिषेक डागुर, धर्मसिंह, सुशील कुमार, धीरेन्द्र सिंह एवं अन्य कार्मिकों ने सम्बोधित किया। साथियों के उत्साहवर्धन हेतु महुआ (दौसा), सांचैर (जालौर) के साथी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवम 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली न.6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक: अभय सिंह चौहान, मोबाइल: 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# मोदी के हाथों में देश सुरक्षित, मोदी को मजबूत करने के लिए भाजपा से जूडे: रावत



चमकता राजस्थान,अजमेर जिला ब्यूरो चीफ, रघुनंदन पारीक

पुष्कर विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव राज्य मंत्री राजस्थान सुरेश सिंह रावत और प्रवासी विधायक श्रीचंद शर्मा ने मंगलवार को ग्राम भूडोल में खोडागणेश मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ की मीटिंग आहुत की। भाजपा शक्ति केन्द्र भूडोल के प्रमुख पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ और बूथ अध्यक्षों से मुलाकात की और क्षेत्र में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की और आगामी चुनाव को लेकर रणनीति बनाई।

विधायक रावत ने कहा कि, देश की नरेन्द्र मोदी सरकार ने आमजन के लिए जनकल्याण की नीतियां बनाई, जिसका लाभ निचले स्तर तक के व्यक्ति को मिल रहा हैं। मोदी के हाथों में देश सुरक्षित हैं। आज संपूर्ण विश्व मोदी मोदी कर रहा हैं। इसलिए अब हम सभी देशवासियों का भी प्राथमिकता से फर्ज हैं कि हम सभी एकजूट होकर मोदी को मजबूत करने के लिए भाजपा से जूडें और आने वाले विधानसभा चुनावों में पुष्कर क्षेत्र से पुनः भारी बहुमत से भाजपा को जीताकर देश विकास में भागीदारी निभावें।

प्रवासी विधायक श्रीचंद ने कहा कि, प्रदेश में बहुत शीघ्र विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसलिए भाजपा कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें देश में पुनः मोदी सरकार स्थापित करने के लिए। इसके लिए कार्यकर्ता जुट जाएं आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत से जिताकर लोकसभा चुनावों में केन्द्र में मोदी सरकार बनाने की नींव मजबूत करने के लिए।

कार्यक्रमों में जीतमल प्रजापत, सत्यनारायण भंसाली, अर्जुन सिंह रावत, नरेन्द्र चुण्डावत, जगमाल सिंह रावत, सोहन सिंह रावत, बंटी कलोसिया, प्यारेलाल मेघवंशी, किशन सिंह, दिनेश रावत, मदन रावत, लक्ष्मण सिंह, ओंकार सिंह, विशन नाथ भाटी, जयसिंह, गोरधन नाथ सहित बडी संख्या में महिलाओं एवं कार्यकताओं ने हिस्सा लिया

# नवयूक मंडल काज़ीपुरा ने देवस्थान विभाग मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र



चमकता राजस्थान,अजमेर जिला ब्यूरो चीफ, रघुनंदन पारीक

नवयूक मंडल काजीपुरा ने देवस्थान विभाग मंत्री के नाम विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर पर मांग पत्र सौंपा,अजमेर के प्राचीन मन्दिर हेतु विकास कार्य के लिए ध्यान आकर्षित किया अध्यक्ष कल्याण सिंह रावत के अनुसार काजीपुरा मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए देवस्थान विभाग के मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया! जिसमें मंदिर के जीर्णोद्धार तथा अन्य कार्यों को शीघ्र करवाने का मांग पत्र दिया

# पूर्व सरपंच लोहरवाड़ा राठौड़ हुए सम्मानित



चमकता राजस्थान,अजमेर जिला ब्यूरो चीफ, रघुनंदन पारीक

अजमेर जिला स्तरीय भामाशाह सम्मानित समारोह प्रारंभिक शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित हुआ अजमेर संभागीय आयुक्त सी आर मीणा मुख्य अतिथि में आयोजित कार्यक्रम में लोहरवाड़ा के पूर्व सरपंच राजपूत समाज से गोरधन सिंह राठौड़ को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहरवाड़ा के विकास कार्य में तन मन धन से सहयोग करने पर शिक्षा श्री की उपाधि से विभूषित किया गया गोवर्धन सिह राठौड़ को माला साफा पहनाकर प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । राठौड़ के सामानित होने पर नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने बधाई शुभकामनाए दी व लोहरवाड़ा पहूचाने पर गाजे बाजे के साथ ग्रामीणों सहित विधालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया

# गहलोत सरकार पर बोला हल्ला कार्यक्रम



चमकता राजस्थान,अजमेर जिला ब्यूरो चीफ, रघुनंदन पारीक

आज दिनांक 12.09.2023 को अजमेर के शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों ने पीने के पानी की समस्या, पट्टे संबंधित समस्या, बिजली के बिलों में अधिक राशि वसुलने की समस्या एवं टूटे फुटे रोड़ की समस्या को लेकर कांग्रेस सरकार की नाकामियों पर जनसेवक सुभाष काबरा के नेतृत्व में जमकर हल्ला बोला।

हजारों की संख्या में आज सुबह 10 बजे से ही लोगों का जमावड़ा जवाहर रंगमंच के बाहर लगना शुरू हो गया, जिसमें अजयसर खरेखड़ी, बोराज, काजीपुरा, हाथीखेड़ा, कोटड़ा, फॉयसागर रोड़ स्थित कॉलोनियों, लोहागल, मकड़वाली, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, महाराणा प्रताप नगर, टीचर्स कॉलोनी, मित्रनगर, अलखनंदा कॉलोनी, वैशाली नगर, सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के वसिंदों ने हाथों में अपनी मांगों की तख्तियां लेकर जवाहर रंगमंच से पैदल मार्च करते हुए, गहलोत सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे।

बड़े बड़े होर्डिंग, पोस्टर, स्टीकर, फ्लेक्स आदि पर सरकार की नाकामियों और जनता की मूलभूत मांगे लिखी थीं। कलेक्ट्रेट के बाहर भारी भीड़ को रोकने का प्रयास जिला पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया लेकिन जनता बहुत त्रस्त होकर गले तक भरी हुई थी। सुभाष काबरा, पार्षद कुंदन वैष्णव, सरपंच लाल सिंह रावत, आदि ने जनसभा को संबोधित किया। इस रैली में सर्व समाज के पांच पटेल, जन प्रतिनिधि, तथा भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। भाजपा प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ के अजमेर जिला सदस्य प्रेमप्रकाश पारीक, सज्जन सिंह, बबलू चीता, सोहन सिंह, ... आदि कई कार्यकर्ता अपनी मांगों के समाधान हेतु कांग्रेस सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा इस अवसर पर सुभाष काबरा द्वारा कलेक्ट्रेट महोदया को एक ज्ञापन भी सौंपा गया और समस्याओं के समाधान हेतु विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर शीघ्र कार्यवाही कर जनता को राहत देने मांग की गई। जिलाधीश महोदया द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटों में नियमित जल वितरण करने का आश्वाशन दिया गया। प्रदर्शन में 4 से 5 हजार महिला पुरुषों की मौजूदगी रही। अजमेर की शहरी सीमा से लगे गांव के ग्रामीणों और पिछड़ी बस्तियों के सैकड़ों लोगों को एकत्रित करने वाले भाजपा के प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संभागीय संयोजक सुभाष काबरा, पार्षद कुंदन वैष्णव और सरपंच लाल सिंह रावत ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों को मकान और भूमि के पट्टे देने की घोषणा की है। लेकिन अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा पट्टे नहीं दिए जा रहे है। सरकार की यह घोषणा थोथी साबित हुई है जिसका रिजल्ट लगभग जीरों रहा है। पट्टे नहीं मिलने से पेराफेरी क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। आरोप लगाया गया कि शहरी क्षेत्र में चार दिन में एक बार पेयजल की सप्लाई हो रही है। गर्मी के दिनों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार बिजली के बिल भी ज्यादा आ रहे हैं। इस संबंध में जब शिकायत की जाती है तो तो निजी कंपनी टाटा पावर द्वारा कोई सुनवाई नहीं होती। कंपनी के अधिकारियों का कहना रहता है कि राज्य सरकार ने जो दिशा निर्देश दिए हैं उसी के अनुरूप उपभोक्ताओं को बिल भेजे जा रहे हैं। तीनों नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए आज धरना प्रदर्शन किया गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग सुबह 11 बजे जवाहर रंगमंच पर एकत्रित हुए और फिर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। यहां सभी लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन भी दिया गया। प्रशासन द्वारा पानी की सप्लाई 48 घण्टे में देने की मंजूरी दी गई तथा पट्टे के कार्य हेतु जल्द ही कैम्प लगा कर वितरण किए जाएगे, टूटी फूटी रोड का पेचवर्क भी जल्द शुरू कर दिया जाऐगा, साथ ही अन्य मांगे राजस्थान सरकार तक पहुंचा दी गई है। यह हल्ला बोल रैली सरकार और प्रशासन को जगाने के लिए निकाली गई।

# चतुर्भुज महाराज की प्रथम पदयात्रा का ध्वज पूजन किया



चमकता राजस्थान

बालेर/विशाल अग्रवाल,कस्बे के शालाधाम परिसर में मंगलवार को चतर्भुज जी महाराज की प्रथम पदयात्रा का ध्वजपूजन किया गया। पदयात्रा बुधवार सुबह शालाधाम परिसर से 8 बजे रवाना होगी। पदयात्रा समिति के महेंद्र भाई ने बताया कि चतर्भुज जी महाराज की प्रथम पदयात्रा का ध्वजपूजन विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर बालाजी भक्त मंडल के अध्यक्ष योगेश कुमार गर्ग, विशाल अग्रवाल, सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

# टाटा एआईए को सर्वाधिक उच्च गुणवत्ता वाले एमडीआरटी सलाहकारों के मामले में दुनिया भर में 5वां और भारत में मिला पहला स्थान

TATA AIA LIFE INSURANCE

चमकता राजस्थान

मुंबई, 12 सितंबर, 2023: भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) को अधिकांश एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकारों के मामले में दुनिया भर में शीर्ष 5 बीमा कंपनियों में स्थान दिया गया है। 1 जुलाई, 2023 तक, कंपनी ने 1,978 सलाहकारों को दर्ज किया, जिन्होंने प्रतिष्ठित एमडीआरटी (मिलियन डॉलर राउंड टेबल) लीग के लिए अर्हता प्राप्त की है। एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकारों को जीवन बीमा में उनके ज्ञान और विशेषज्ञता के लिए उद्योग में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इसलिए, वे ग्राहकों को सही सलाह देने और ग्राहकों को उनके जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में सक्षम होते हैं।

एक और पड़ाव पार करते हुए, टाटा एआईए ने सबसे अधिक (936) क्वालिफाइड महिला एमडीआरटी सलाहकारों के मामले में विश्व स्तर पर नौवां और भारत में पहला स्थान हासिल किया है। इस मामले में टाटा एआईए ने पहली बार दुनिया भर में शीर्ष दस में अपनी जगह बनाई है।

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ एजेंसी ऑफिसर श्री. अमित दवे ने कहा, "टाटा एआईए के कई सलाहकारों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है, यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। टाटा एआईए में हम अपने ग्राहकों को संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में, विशेष रूप से सलाहकारों से सर्वोत्तम सलाह और अनुभव प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इसके लिए, हम अपने सलाहकारों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। प्रशिक्षण, विकास सहायता और कैरियर में वृद्धि के अवसरों पर ज़ोर देते हैं। अपने सलाहकार नेटवर्क के साथ, हम हर भारतीय को जीवन बीमा की संरक्षक छतरी के नीचे लाने और उन्हें उनके जीवन लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने का प्रयास करना जारी रखेंगे।"

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के प्रेसिडेंट और चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर श्री. वेंकटचलम एच ने कहा, "एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या के मामले में दुनिया की शीर्ष पांच बीमा कंपनियों में स्थान मिलना और भारत में नंबर एक होना हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश भर के एजेंसी नेटवर्क के सलाहकारों के समर्पण, प्रतिबद्धता और हमारे प्रोप्राइटरी चैनल से यह संभव हुआ है। एक मजबूत टीम के साथ, हम हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम बीमा सलाह और नयी योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करते हैं, जो उन्हें अपनी और अपने प्रियजनों के प्रती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में मदद कर सकते हैं।"

एमडीआरटी 70 देशों और क्षेत्रों में 500 से अधिक कंपनियों के अग्रणी जीवन बीमा और वित्तीय सेवा पेशेवरों का एक वैश्विक स्वतंत्र असोसिएशन है। उनका काम पेशेवर ज्ञान, सख्त नैतिक व्यवहार और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा को प्रदर्शित करता है।

एमडीआरटी क्वालिफायर दुनिया के शीर्ष वित्तीय पेशेवरों® का प्रतिनिधित्व करते हैं, वही एमडीआरटी सदस्यता में दो अतिरिक्त स्तर भी शामिल हैं - कोर्ट ऑफ द टेबल (सीओटी) और टॉप ऑफ द टेबल (टीओटी)। एक सीओटी सलाहकार को एमडीआरटी की तुलना में तीन गुना अधिक व्यवसाय हासिल करना होगा, जबकि एक टीओटी सलाहकार को सीओटी सलाहकार से दो गुना अधिक व्यवसाय हासिल करना होगा। टाटा एआईए ने वर्ष के लिए 103 सीओटी और 30 टीओटी दर्ज किए।

# 67वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



चमकता राजस्थान

नीमकाथाना. 67वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुर जागीर में संपन्न हुई. जिसमें नीमकाथाना जिले की सेम स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपना दम ख़म दिखाया और छात्रा वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा छात्र वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया. टीम प्रभारी हेमेश सैन ने बताया कि दोनों टीमों के 8 छात्र- छात्रा खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नीमकाथाना का प्रतिनिधित्व करेंगे. इस अवसर पर कोच सुनिल सैनी मौजूद रहे

# हर योजना के साथ शर्त लगाना ये है कांग्रेस का असल चेहरा:- कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड

## बिजली कटौती से तंग आकर सरकार के मंत्री धरने पर-कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड



चमकता राजस्थान

जयपुर, 12 सितंबर 2023। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के वादे और इरादे में फर्क है। यदि कांग्रेस कोई वादा भी करती है, तो उसके साथ शर्त जरूर लगाती है। कांग्रेस ने 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया तो उसके साथ शर्त लगाई कि उपभोक्ता का नाम रजिस्टर्ड होना चाहिए। फिर इन लोगों ने दिमाग लगाया कि इस मुफ्त बिजली की भरपाई कहां से करेंगे तो फ्यूल सरचार्ज लगाकर वसूली करने लगे। इसके बाद प्रदेश में 8 से 9 घंटे के पावर कट किए गए।

राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा के नाम पर बात करें तो भीलवाडा की घटना ने प्रदेश को हैरान कर दिया जहां एक महिला का अपहरण किया गया और गैंगरेप किया गया। पुलिस ने गृहमंत्री के कहने पर पीडिता को ही झूठा बता दिया। इसके पीछे कारण यह था कि कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी राजस्थान दौरे पर आई हुई थी, जैसे ही प्रियंका गांधी वापिस गई तो पुलिस ने मान लिया कि हां गैंगरेप हुआ था। वहीं आज सूरतगढ में एक महिला का जला हुआ शव बरामद हुआ है। इसके अलावा कांग्रेस ने कोटा में रिवरफ्रंट के नाम पर हजारों करोड लगाकर उसे तैयार किया और जब उदद्घाटन की बात आई तो कांग्रेस के नेता छिपते फिर रहे हैं। इसका कारण यह है कि कांग्रेस को पता है इसमें जनता की गाढी कमाई को लगाकर घोटाला किया गया है। वहीं अजमेर में अवैध तरीके से सेवन-वंडर का निर्माण कराया गया और अब एनजीटी ने उस निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया है। कांग्रेस का काम ही यही है कि लुभावने वादे और इरादे कुर्सी बचाने के। यदि तुलना करें केंद्र की मोदी सरकार से तो बीते नौ सालों में मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि की घोषणा की तो अभी तक 14 किस्तें जारी भी हो चुकी। उज्जवला में करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन, गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड भारतीयों को पांच किलो अनाज मुफ्त देना, धारा 370 हटाना और राम मंदिर निर्माण जैसे सभी वादे पूरे करके दिखाए।

राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन सरकार ने फिक्स चार्ज और फ्यूल सरचार्ज के नाम पर जनता से वसूली बराबर जारी रखी। 01 जून 2023 से मुफ्त बिजली की घोषणा की गई और लोगों से अगस्त 2023 तक फ्यूल सरचार्ज ले रहे थे। शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2021-2022 और 2022-2023 के बजट में 83 करोड की बिजली सब्सिडी दी गई थी। लेकिन सरकार ने फ्यूल सरचार्ज के नाम पर 37 करोड़ 22 लाख की वसूली कर ली ये है कांग्रेस का विकास और जनकल्याण। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2021-2022 और 2022-2023 के लिए 60 करोड की सब्सिडी दी थी और उसमें से फ्यूल सरचार्ज के नाम पर 19 करोड की वापस जनता से ही वसूली कर ली। जब कांग्रेस को जून में मुफ्त बिजली की घोषणा करनी थी तो जनता को लूटने की तैयारी पहले से ही शुरू कर दी जिसके तहत मार्च-अप्रैल 2023 में 30 पैसे और 45 पैसे फ्यूल सरचार्ज बढाया गया। इसके बावजूद भी प्रदेश के काफी लोगों को मुफ्त बिजली योजना का लाभ नहीं मिला और उनके बिजली बिल बढकर आए। वादा मुफ्त बिजली का और भीषण गर्मी में आठ से नौ घंटे का पावर कट जिससे परेशान होकर बाडमेर में जनता ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बिजली कटौती से किसानो की 50 फीसदी फसलें बर्बाद हो गई, प्रदेश का हर वर्ग इस कटौती से तंग आ गया। व्यापारी वर्ग हो या प्रदेश के अस्पताल सभी जगह बिजली के पावर कट ने जनता को तंग कर दिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अकेले जयपुर में 5000 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर खराब होने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट पैदा हो गया। इसका मूल कारण यह था कि सरकार के पास ना तो साधन थे और ना ही संसाधन, इस काम के लिए जो बजट आया था वह अन्य जगहों पर डायवर्ट कर दिया गया। खुद सरकार के मंत्री अशोक चांदना सरकार के खिलाफ बिजली की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए इससे बुरा हाल क्या होगा। इसके अलावा एक दिलचस्प वाक्या हुआ जिसमें सरकार ने जिस अधिकारी को श्रेष्ठ अधिकारी बताकर पुरूष्कृत किया उसी अधिकारी को कुछ समय बाद सस्पेंड कर दिया। अब सवाल यह है कि पुरूष्कृत करना सही था या सस्पेंड करना सही था।